दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जिस समाज में प्रश्न पूछने की हिम्मत जीवित रहती है, वहीं सच्चा ज्ञान और प्रगति जन्म लेते हैं; क्योंकि मौन से परंपरा चलती है, लेकिन सवालों से परिवर्तन आता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-106 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 11 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट
हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## गलती से घबराना नहीं, उससे सीखना ही प्रगति का मार्ग

जीवन में प्रगति का मार्ग कभी सीधा और सरल नहीं होता। यह उतार-चढ़ाव, संघर्ष और अनुभवों से होकर गुजरता है। अक्सर समाज में गलती को विफलता का पर्याय मान लिया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि गलती ही वह शिक्षक है जो मनुष्य को सही दिशा की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। जो व्यक्ति गलतियों से डरकर प्रयास करना छोड़ देता है, वह कभी नई ऊँचाइयों तक नहीं पहुँच पाता। इसलिए यह समझना आवश्यक है कि गलतियाँ जीवन की असफलता नहीं, बल्कि प्रगति की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

जब कोई व्यक्ति नया कार्य करने का प्रयास करता है, तब उससे गलती होना स्वाभाविक है। दरअसल, गलती यह संकेत देती है कि हम कुछ नया सीखने की प्रक्रिया में हैं। अगर कोई व्यक्ति जीवन में कभी गलती नहीं करता, तो इसका अर्थ यह भी हो सकता है कि उसने कभी नया करने का साहस ही नहीं किया। इतिहास गवाह है कि जिन महान लोगों ने दुनिया को नई दिशा दी, उन्होंने अपने जीवन में कई बार असफलताओं और गलतियों का सामना किया, लेकिन उन गलतियों को उन्होंने अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि सीखने का अवसर बनाया। गलतियाँ हमें आत्मविश्लेषण करने का अवसर देती हैं। जब हम अपनी भूल को स्वीकार करते हैं और उसके कारणों को समझने का प्रयास करते हैं, तब हम अपने व्यक्तित्व को और अधिक मजबूत बनाते हैं। यही प्रक्रिया हमें परिपक्व बनाती है और भविष्य में वही गलती दोहराने से रोकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपनी गलतियों से भागने के बजाय उन्हें स्वीकार करें और उनसे सीखने की मानसिकता विकसित करें।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में लोग अक्सर असफलता और गलती से इतना डर जाते हैं कि वे जोखिम उठाने से कतराने लगते हैं। यह भय मनुष्य की रचनात्मकता और नवाचार की भावना को कमजोर कर देता है। वास्तव में, जो व्यक्ति जोखिम उठाने का साहस करता है, वही जीवन में कुछ नया कर पाता है। गलती करने का साहस ही आगे चलकर अनुभव और सफलता का आधार बनता है। गलतियाँ केवल व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं, बल्कि समाज और संस्थाओं के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जब कोई समाज अपनी गलतियों को पहचानता है और उनसे सीख लेकर सुधार करता है, तभी वह आगे बढ़ता है। यदि समाज अपनी भूलों को स्वीकार करने से इंकार कर दे, तो उसका विकास रुक जाता है। इसलिए गलती को छिपाने के बजाय उसे स्वीकार कर सुधार करना ही प्रगति का सही मार्ग है।

यह भी सच है कि गलतियों से सीखने के लिए विनम्रता और आत्मस्वीकृति की आवश्यकता होती है। कई बार अहंकार के कारण व्यक्ति अपनी गलती मानने से बचता है, लेकिन यही अहंकार उसके विकास में सबसे बड़ी बाधा बन जाता है। जो व्यक्ति अपनी भूल को स्वीकार कर उसे सुधारने का साहस रखता है, वही वास्तविक अर्थों में परिपक्व और सफल व्यक्ति बनता है। शिक्षा और समाज दोनों का दायित्व है कि वे लोगों को यह समझाएं कि गलती करना कोई अपराध नहीं है, बल्कि उससे सीखना आवश्यक है। बच्चों को भी यही सिखाया जाना चाहिए कि वे असफलता या गलती से घबराएं नहीं, बल्कि उससे सीखकर आगे बढ़ें। जब समाज में यह सोच विकसित होगी, तब नवाचार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का वातावरण मजबूत होगा।


**अंततः** यह समझना जरूरी है कि सफलता की राह में गलतियाँ अवरोध नहीं, बल्कि मार्गदर्शक होती हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि कौन-सा रास्ता सही नहीं है और हमें किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यदि हम हर गलती को एक सीख के रूप में स्वीकार कर लें, तो वही गलती हमारे लिए भविष्य की सफलता की नींव बन जाती है। इसलिए जीवन में गलती से डरने के बजाय उससे सीखने की आदत विकसित करनी चाहिए। क्योंकि जो व्यक्ति गिरकर उठना सीख जाता है, वही अंततः जीवन की दौड़ में सबसे आगे निकलता है। गलती दरअसल असफलता नहीं, बल्कि प्रगति की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जयपुर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रुकी

## रेस्टोरेंट संचालक परेशान, बोले-एजेंसियों से संपर्क करने पर भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** शहर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत सामने आने लगी है। कई रेस्टोरेंट और होटल संचालकों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। पहले कॉमर्शियल सिलेंडर करीब 1796.50 रुपए में मिल रहे थे, इसके बाद कीमत बढ़ाकर लगभग 1911 रुपए कर दी गई, लेकिन इसके बावजूद बाजार में सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि एजेंसियों से संपर्क करने पर भी सिलेंडर की सप्लाई नहीं मिल रही। कई जगह घरेलू सिलेंडर भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे छोटे कारोबारियों और खानपान से जुड़े लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे तनाव का असर अब गैस सप्लाई पर भी दिखने लगा है। इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण गैस के स्टॉक को लेकर कंपनियां सतर्क हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार तेल कंपनियों ने गैस एजेंसियों को मैसेज भेजकर फिलहाल कॉमर्शियल सिलेंडर के ऑर्डर नहीं लेने के निर्देश दिए हैं। एजेंसियों से कहा गया है कि फिलहाल घरेलू उपयोग के सिलेंडर की डिलीवरी पर ही ध्यान दिया जाए। यह निर्देश देर रात जारी किए गए हैं।



### रेस्टोरेंट, होटल और उद्योगों पर पड़ सकता है असर

कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई रुकने का असर रेस्टोरेंट, होटल और कई औद्योगिक इकाइयों पर पड़ सकता है। शहर में इन कारोबारों में बड़ी संख्या में कॉमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल होता है। इसके अलावा शादी-समारोह का सीजन शुरू होने के कारण कैटरिंग और आयोजन से जुड़े लोगों को भी गैस की कमी का सामना करना पड़ सकता है। तेल कंपनियां फिलहाल स्थिति सामान्य होने का दावा कर रही हैं, लेकिन एजेंसियों को अगले निर्देश तक कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोकने के लिए कहा गया है।

# जनगणना हेतु नियुक्त अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ निभाएं ड्यूटीः डीसी

## जनगणना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

### डीसी डॉ. विवेक भारती ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि देश के विकास और उन्नति के लिए जनगणना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के आधार पर ही रिसर्च, प्लानिंग आदि आधारभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं का आधार मानकर ही कार्य किया जा जाता है। वर्ष 2011 में जनगणना हुई थी और अब इस वर्ष से जनगणना की जाएगी। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, ऐसे में इस कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और इसे समयबद्ध एवं त्रुटिहीन रूप से संपन्न करें। डीसी डॉ. विवेक भारती मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जनगणना को लेकर आयोजित प्रशिक्षण के दौरान संबोधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी ने कहा कि जनगणना से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा विभिन्न संसाधनों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। जनगणना को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण को सही ढंग से सीखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आ रही है तो प्रशिक्षक से जरूर पूछें। इस राष्ट्रीय दायित्व को पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ निभाएं।



डीसी ने निर्देश दिए कि यह प्रक्रिया सीधे तौर पर केंद्र सरकार की निगरानी में है और भविष्य की सभी सरकारी नीतियों, पेंशन योजनाओं व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का मुख्य आधार बनेगी। डेटा प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। फील्ड स्टाफ को किसी भी तकनीकी या व्यावहारिक समस्या के समाधान हेतु तुरंत अपने सुपरवाइजर सहित अन्य जिला अधिकारियों से संपर्क कर निदान किया जा सकता है। डीसी ने कहा कि जनगणना को लेकर प्रशिक्षण 10 व 11 मार्च को दिया जा रहा है। एसडीएम, चार्ज ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों की क्या-क्या जिम्मेवारियां रहेंगी। इसकी विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण में प्रदान की जाएगी। जनगणना के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और मटेरियल वितरण कैसे होगा व अन्य विषयों पर गहनता से जानकारी प्रदान की जाएगी।

**यह रहे मौजूद :**

इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढ़ालिया, एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसओ प्रवीण, जिला जनगणना कोऑर्डिनेटर मेघा, ट्रेनर डॉ. राधारमन, हिमांशु सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

## अमर शहीद पुखराज कड़ेला की प्रथम पुण्यतिथि पर 18 मार्च को होगा रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** हदां गांव के वीर सपूत अमर शहीद पुखराज कड़ेला की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 18 मार्च को ग्राम हदां में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर और भव्य श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।




कार्यक्रम का आयोजन शहीद पुखराज कड़ेला शिक्षा सेवा संस्था हदां बीकानेर की ओर से किया जा रहा है।कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान शिविर में भाग लेने और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन पूर्व मंत्री भंवरसिंह भाटी, अशोक मेघवाल, पूर्व सरपंच नारायण सिंह तथा शहीद परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उपस्थित युवाओं ने अमर शहीद पुखराज कड़ेला के पदचिन्हों पर चलने और उनके देशभक्ति के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने कहा कि शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों की जान बचाने का प्रयास ही शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों और युवाओं से कार्यक्रम में भाग लेकर इस पुनीत कार्य को सफल बनाने की अपील की है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन

## महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास संभव नहीं- राजावत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

**अरुण मुंड ।** मेजर एम एच खान मेमोरियल शिक्षण संस्थान, धनूरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महिलाओं के सम्मान, उनके योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि एडीशनल एसपी देवेंद्र सिंह राजावत रहे। विशिष्ट अतिथियों में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीनेहा झाझड़िया, जिला रसद अधिकारी निकिता राठौड़, जिला उद्योग केंद्र के डिप्टी कमिश्नर अभिषेक चोपदार, प्रधानचार्य बलबीर सिंह ढाका, काउंसलर सरोज मूंड तथा प्रोफेसर सगीता जांगिड़ उपस्थित रहीं। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह राजावत ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच मोहम्मद हफिज खान तथा सरपंच श्रीमती




रुखसाना बानो भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने भी महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक रज़िया परवेज खान तथा प्रधानाचार्य ए.के. शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्काउट-गाइड दल तथा समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नीमराना में महिला दिवस का भव्य आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नीमराना में मंगलवार को महिला दिवस का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। सैकड़ों की संख्या में महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्लांट हेड सुदीप भट्टाचार्य तथा एचआर हेड रंजीत सिंह ने महिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर महिलाओं की भूमिका और संगठन में उनके योगदान पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि डाइकिन सदैव महिला कर्मचारियों के सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रगतिशील कार्य वातावरण के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान में लंबे समय से कार्यरत महिला कर्मचारियों को मंच पर सम्मानित किया गया। यह




सम्मान उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और संगठन की सफलता में उनके अमूल्य योगदान के सम्मानस्वरूप प्रदान किया गया। प्लांट हेड सुदीप भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में कंपनी द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। संगठन ने महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और उनके कल्याण के लिए एक अत्यंत अनुकूल एवं आरामदायक कार्य वातावरण तैयार किया है, जिसे कर्मचारियों ने भी सराहा। इस पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन एचआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार के नेतृत्व और निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक वक्तव्य और महिलाओं के योगदान को रेखांकित करने वाले कई आकर्षक सत्र शामिल रहें।

# फतेहपुर के सुमेर कुमार सैनी ने बिना दहेज पुत्र सचिन की शादी कर दिया समाज में संदेश

### लक्ष्मणगढ़ के महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में 5 लाख रुपए की लागत से कमरे का कराएंगे निर्माण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

सामाजिक बुराईयों के खिलाफ कदम उठाते हुए समाज में सराहनीय पहल कायम करते हुए फतेहपुर के सुमेर कुमार गौड़ सैनी ने अपने पुत्र सचिन की शादी बिना दहेज के कर एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समाज में एक आदर्श प्रस्तुत करते हुए विवाह में सैनी समाज के युवाओं का भविष्य निर्माण एवं कैरियर बनाने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्षमनगढ में 5 लाख रुपए की लागत से कमरे का निर्माण कराने की घोषणा की। यह जानकारी देते हुए छात्रावास के महामंत्री महेंद्र कुमार माली ने बताया कि फतेहपुर निवासी सुमेर कुमार गौड़ सैनी के सुपुत्र सचिन का विवाह सुजानगढ़ निवासी नानूराम सांखला की सुपुत्री प्रियंका के साथ बिना दहेज और बाटके में एक रूपया नारियल लेकर एक सराहनीय पहल करते हुए समाज में आदर्श स्थापित किया तथा सुमेर ने अपने पुत्र के विवाह समारोह पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्षमनगढ में करीब 5 लाख रुपए की लागत से कमरे के निर्माण की घोषणा का उपस्थित बारातियों, घराती व प्रबुद्ध जनों ने वर पक्ष के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समाज सुधार के लिए किए गए निर्णय की सराहना की तथा इसे समाज में अनुपम पहल व नायब उदाहरण करार दिया। इस अवसर पर आयोजित स्टेज आशीर्वाद समारोह में वर वधू पक्ष के परिजनों सहित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्षमनगढ के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी, मार्गदर्शक पूर्णमल राकसिया, संयोजक सज्जन कुमार सैनी, फाइनेंस कंसल्टेंट अनिल कुमार मैनेजर, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, महामंत्री महेंद्र कुमार माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी, प्रवक्ता मनोज राकसिया, भूमि प्रदाता विनोद कुमार गौड़ , सदस्य महावीर प्रसाद जाजम, बाबूलाल सैनी, शिक्षाविद प्रहलाद बागड़ी फतेहपुर, श्रवण खडोलिया रामगढ़ शेखावाटी, रतनलाल सैनी लालासी, इंजीनियर सुनील लालासी सहित प्रबुद्ध जन मौजूद थे।





# व्हाइट ब्रेड और पास्ताड बना सकते हैं अवसाद का शिकार

अगर आप अधिकतर समय व्हाइट ब्रेड और पास्ताह खाते हैं तो इसे बंद कर दें यह आपकों बीमार बना सकता है। खानपान का भी सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ब्रेड और पास्ता् कभी कभी–कभी खाने में कोई खतरा नहीं है पर अगर आप अक्स र नाश्तेल में ब्रेड या पास्ताय ही खाते हैं तो यह आपके लिए चिंता का कारण हो सकता है। एक हालिया अध्य यन में यह दावा किया गया है कि व्हा इट ब्रेड और पास्तार का सेवन अवसाद का शि ?कार बना सकता है।

अध्यदयन रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि व्हाइट ब्रेड और पास्ता में पाये जाने वाले कार्बोहाइड्रेट आपके भीतर चिड़चिड़ापन और चिंता बढ़ा सकते हैं।

एक अध्ययन के अनुसार सफेद ब्रेड, चावल और पास्ता जैसी खाने की चीजें आपको अवसाद का शिकार बना सकती हैं। वहीं इस खतरे को अनाज और हरी सब्जियां कम कर सकती हैं। सफेद ब्रेड और सफेद चावल खाने से शरीर में हार्मोनल प्रतिक्रिया होती है जो ब्लड शुगर लेवल को घटाती है जिसके कारण चिड़चिड़ापन, थकान और डिप्रेशन के कई लक्षण लोगों में आने लगते हैं।

शोध के मुताबिक ब्रिटेन में प्रति 100 में से 3 लोग अवसाद के शिकार हैं जो कि सफेद ब्रेड और पास्ता जैसे बुरे कार्बोहाइड्रेट्स की वजह से भी होते हैं। इन बुरे कार्बोहाइड्रेट्स की वजह से मोटापा, थकान और अनिद्रा जैसी बीमारियों के खतरे बढ़ सकते हैं।

# कॉफी पीने से दिल की बिमारियों का खतरा होता है कम



अगर आप कॉफी पीते हैं तो आपको दिल की बिमारियों का खतरा कम होता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि दिन में चार कप कॉफी पीने से दिल की बीमारियों की वजह से होने वाली मौत का खतरा दो तिहाई कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन 20,000 लोगों पर किया है.

शोधकताओं ने अध्ययन के दौरान पाया कि कॉफी पीने से शरीर की प्रतिरोधकत क्षमता बढ़ती है। यह दिल की सेहत के लिए अच्छा है और कैंसर से बचाव करती है।

शोधकर्ता ने कहा कि लोगों को खूब कॉफी पीनी चाहिए। इससे उनका दिल सेहतमंद रहेगा और कैंसर का खतरा भी कम होगा।

यह अध्ययन 20,000 लोगों पर 10 साल तक किया गया1 इसके अलावा पिछले महीने 5,20,000 लोगों पर हुए एक अध्ययन में पाया गया कि कॉफी लीवर की सेहत सुधारने में भी कारगर है।

कॉफी में दरअसल, कई तरह के यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर के संपर्क में आते ही एक एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करने लगते हैं हालांकि शोधकर्ताओं ने बहुत ज्यादा कॉफी पीने से भी मना किया है। शोधकर्ताओं के अनुसार दिन में अध?कतम 4 कप कॉफी काफी है। इससे ज्यादा कॉफी पीने से नुकसान पहुंच सकता है।

यूरोपियन फूड सेफ्टी एजेंसी की सलाह मानें तो रोजाना किसी भी व्यक्तिध को 0.4 ग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि आप अगर एस्प्रेस्सो कॉफी पीते हैं तो दिन में 5 कप और अगर इंस्टेंट कॉफी पीते हैं तो 4 कप से ज्यादा कॉफी ना पीयें।



# कटहल का आटा है हेल्थ का खजाना

हम अपने डाइट में पौष्टिक और फाइबर वाली चीजों की मात्रा को बढ़ाते हैं। तो इससे न सिर्फ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। साथ ही कई बीमारियों का खतरा भी कम हो सकता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि सेहत के लिए कौन सा आटा सबसे अच्छा माना जाता है।

अच्छी सेहत के लिए सही खानपान और लाइफस्टाइल में सुधार सबसे जरूरी माना जाता है। क्योंकि जैसी लाइफस्टाइल है और जो भी हम खाते हैं, उसका हमारी सेहत पर सीधा असर होता है। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट सभी लोगों को अपनी लाइफस्टाइल ठीक रखने की सलाह देते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल लोग मैदा, प्रोसेस्ड फूड, नमक और चीनी वाली चीजों का अधिक सेवन करते हैं। जिस कारण डायबिटीज, हाई बीपी, मोटापा और हृदय रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

असंतुलित डाइट और फिजिकल एक्टिविटी की कमी दुनियाभर में होने वाली क्रॉनिक बीमारियों की वजह है। ऐसे में अगर हम अपने डाइट में पौष्टिक और फाइबर वाली चीजों की मात्रा को बढ़ाते हैं। तो इससे न सिर्फ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। साथ ही कई बीमारियों का खतरा भी कम हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सेहत के लिए कौन सा आटा सबसे अच्छा माना जाता है।

सेहत के लिए कौन सा आटा अच्छा

भारत में गेहूं और इसका आटा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला अनाज है। इसमें फाइबर, आयरन, कार्बोहाइड्रेट और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। साबुत गेंहू का आटा पाचन को बेहतर बनाता है और ऊर्जा देने में मदद करता है। लेकिन पिछले कुछ सालों में अन्य तरह के आटे की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। जिसको अध्ययनों में कई प्रकार से लाभकारी पाया गया है।

आजकल पारंपरिक गेहूं के आटे के साथ हरे कटहल के आटे और क्विनोआ के आटे का भी लोग काफी इस्तेमाल कर रहे हैं। यह दोनों ऑप्शन पोषक तत्वों से भरपूर हैं। यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो ब्लड शुगर, पाचन या वजन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## सेहत के लिए लाभकारी क्विनोआ का आटा

क्विनोआ एक स्वास्थ्यवर्धन बीज है, जोकि कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इस कारण इसको सुपरफूड माना जाता है। क्विनोआ में फाइबर, आयरन, अमीनो एसिड, मैग्नीशियम, मैंगनीज, प्रोटीन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, फोलेट और विटामिन–बी होता है।

क्विनोआ में मौजूद अमीनो एसिड मांसपेशियों की मरम्मत करता है और इसके विकास में अहम भूमिका निभाता है। क्विनोआ में फाइबर अधिक मात्रा में पाया जाता है, जोकि पेट को लंबे समय तक भरा महसूस कराता है। जिससे आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं।

## हरे कटहल का आटा

मधुमेह रोगियों में प्लाज्मा शर्करा के लेवल को कम करने और ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन को कंट्रोल करने में कटहल का आटा काफी कारगर माना गया है। बता दें कि ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन बढ़ना डायबिटीज का संकेत माना जाता है। साथ ही इसको फैटी लीवर और मोटापे को रोकने में भी कारगर बताया गया था।

## जानिए ये फायदे

इसमें पोटैशियम और ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है। जोकि बीपी को कंट्रोल करने के साथ बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है।

क्विनोआ में मौजूद मैग्नीशियम, विटामिन बी, आयरन और फॉस्फोरस एनीमिया को रोकने में मदद करते हैं। हालांकि क्विनोआ के अधिक सेवन से गैस, पेट दर्द, ब्लोटिंग या डायरिया हो सकती है। वहीं जिनको हाई बीपी, किडनी स्टोन या एलर्जी की समस्या है, उनको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

## लिवर और शुगर दोनों के लिए फायदेमंद


चूहों पर किए गए शोध में पता चलता है कि सिर्फ तीन महीने हरे कटहल के आटे के सेवन से न सिर्फ शरीर के वजन में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सकता है। बल्कि यह लिवर में फैट जमने समस्या को भी कम करने में कारगर है।

# महिलाओं के लिए काले या सफेद तिल, जानें हेल्थ के लिए क्या है बेहतर

सर्दियों के मौसम में महिलाओं के शरीर को पोषण, ज्यादा गर्माहट और खास देखभाल की जरूरत होती है। आयरन कैल्शियम की कमी, हार्मोनल बदलाव, जोड़ों की समस्या और थकान इस मौसम में महिलाओं को अधिक प्रभावित करती है। ऐसे में तिल जैसे छोटे–से दिखने वाले बीज सर्दियों में महिलाओं के लिए किसी सुपरफूड से कम नहीं होते हैं। लेकिन अक्सर महिलाओं के मन में यह सवाल रहता है कि काले तिल और सफेद दोनों तिलों में से ज्यादा फायदेमंद कौन है।

बता दें कि दोनों ही तिल महिलाओं की सेहत, सुंदरता और ऊर्जा के लिए फायदेमंद है। बस इन दोनों तिलों के फायदे अलग–अलग हैं। यह सही चुनाव, लाइफस्टाइल, शरीर की जरूरतों और उम्र पर निर्भर करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सफेद और काले दोनों तिलों के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं।





## काले तिल के फायदे

काले तिल में मैग्नीशियम, आयरन, जिंक और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके सेवन से महिलाओं को कई तरह के फायदे हो सकते हैं।

काले तिल हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मददगार होते हैं।

यह बालों की ग्रोथ को सपोर्ट करने के साथ हेयर फॉल को कम करते हैं।

काले तिल के सेवन से शरीर में एनर्जी और गर्माहट को बढ़ाते हैं।

थकान, आयरन की कमी या पीसीओ से जुड़ी समस्याएं में काले तिल खास लाभकारी होते हैं।

काले तिल बिना छिले होते हैं, इसलिए इनमें मिनरल्स की मात्रा थोड़ी ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं।

## सफेद तिल के फायदे

बता दें कि सफेद तिल में हेल्दी फैट्स, कैल्शियम और हड्डियों को मजबूत करने वाले मिनरल्स का का अच्छा स्त्रोत पाया जाता है। सफेद तिल को खाने से शरीर को इसके कई फायदे मिलते हैं।

सफेद तिल हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और बोन डेंसिटी को बढ़ाते हैं।

महिलाओं की ओवलऑल हेल्थ के लिए सफेद तिल फायदेमंद होते हैं।

यह स्किन की नमी और जोड़ों की सेहत में भी सुधार करते हैं।

बच्चों, बुजुर्गों और कैल्शियम की कमी वाले लोगों को अपनी डाइट में सफेद तिल शामिल करना चाहिए।

आप सफेद तिल को लड्डू, चटनी और सलाद के रूप में आसानी से डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## कौन से तिल चुनें काले या सफेद

काले और सफेद दोनों ही तिल सेहत के लिए फायदेमंद हैं, तो डाइट में किसे शामिल करना चाहिए। ऐसे में आपके शरीर की जरूरतों और सेहत से जुड़ी समस्याओं पर यह निर्भर करता है कि आपको कौन से तिल अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। क्योंकि हर तिल का अपना अलग पोषण और फायदा होता है। इसलिए सही चुनाव करना जरूरी है।

शरीर में आयरन की कमी, लगातार थकान महसूस होना और बालों का झड़ना आदि की समस्या होने पर आपको अपनी डाइट में काले तिल शामिल करना चाहिए। काले तिल आयरन, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंस से भरपूर होते हैं। ऐसे में इनका सेवन करने से खून की कमी दूर होती है और एनर्जी बढ़ती है।

वहीं हड्डियों की कमजोरी, कैल्शियम की कमी और महिलाओं की सेहत के लिए सफेद तिल फायदेमंद होती है। इनमें कैल्शियम और हेल्दी फैट्स का अच्छा स्त्रोत पाया जाता है, जोकि हड्डियों को मजबूत बनाने और जोड़ों की सेहत को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा संतुलित पोषण, स्वास्थ्य और सर्दियों में गर्माहट के लिए आपको अपनी डाइट में सफेद और काले दोनों तिल शामिल करना चाहिए।

# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास है अन्य मंदिरों से अलग



उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से लगभग 11–13 किमी दूर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर को इच्छापूर्ति महादेव कहा जाता है। इस मंदिर की वास्तुकला और इतिहास दोनों ही बाकी मंदिरों से काफी अलग हैं। ऐसा लगता है कि मंदिर का भार एक मेंढक ने अपनी पीठ पर ले रखा है और बीचोबीच महादेव का शिवलिंग स्थापित है। मेंढक की पीठ पर आठ कमल की पंखुड़ियों जैसा आकार भी देखा गया है। देखने पर ऐसा लगता है कि महादेव मेंढक की पीठ पर कमर की पंखुड़ियों के बीच स्थित है। मंदिर के चारों कोनों पर प्राचीन स्तंभ भी मौजूद हैं, जो शैव तंत्र का प्रमाण देते हैं।

माना जाता है कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के तार तंत्र से जुड़े हैं और यही कारण है कि भगवान शिव मेंढक की पीठ पर हैं। सामान्य भाषा में इसे मंडूक तंत्र के नाम से भी जाना जाता है। धन और समृद्धि को आकर्षित करने, साधना और तंत्र कार्यों में सहायक और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए मंडूक तंत्र का इस्तेमाल होता है और यह देश का पहला मंदिर है, जो मंडूक तंत्र का प्रतिनिधित्व करता है। मंदिर का निर्माण ओयल स्टेट के राजा बख्श सिंह ने कराया था, जिसे शैव संप्रदाय का प्रमुख तंत्र का केंद्र माना गया। मंदिर को बनाने का उद्देश्य तंत्र के साथ–साथ राज्य को बाढ़ और सूखे से भी बचाना था। मंदिर की भीतरी वास्तुकला भी चौंका देती है, जहां मंदिर के भीतर बनी भूलभुलैया आज भी रहस्य बनी हुई है। किसी को नहीं पता कि भूलभुलैया का रास्ता कहां जाता है। मंदिर की स्थापना को लेकर कई किंवदंती मौजूद हैं। माना जाता है कि राज्य को सूखे की मार से बचाने के लिए ओयल स्टेट के राजा बख्श सिंह ने एक तांत्रिक के कहने पर मंडूक तंत्र का सहारा लिया था और राज्य में भारी बारिश की कारवाई थी। तभी से ये मंदिर तंत्र सिद्धि के लिए मशहूर है। मंदिर के गर्भगृह में मौजूद शिवलिंग और नंदी महाराज की प्रतिमा भी चमत्कारी है। स्थानीय मान्यता की मानें तो शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है और नंदी महाराज की प्रतिमा अपने चारों पैरों पर खड़ी है।

# बुहाना में एचपीवी टीकाकरण को लेकर बैठक आयोजित, किशोरियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

कार्यालय खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) बुहाना में मंगलवार को पीसीटीएस, एचआईएमएस तथा एचपीवी टीकाकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी झुंझुनूं डॉ. दयानंद सिंह ने की। इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी तथा खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बुहाना डॉ. जयवीर सिंह भगासरा सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में सभी एलएचवी, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर तथा आशा सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए कि वे सरकारी और निजी स्कूलों में जाकर 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुहाना में एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों ने बताया कि यह टीकाकरण महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री द्वारा 28 फरवरी 2026 को अजमेर में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। इसी क्रम में खंड बुहाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन किशोरियों को



निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयवीर सिंह भगासरा ने बताया कि खंड बुहाना में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे इस निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए बेहद प्रभावी है।स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि विभाग की ओर से टीकाकरण को सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किशोरियां इस अभियान से जुड़कर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# पिलानी में सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर महिलाओं का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

अखिल भारतीय नायक सभा, राजस्थान की ओर से प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक मां सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय नायक सभा के राजस्थान प्रदेश महासचिव एवं पार्षद पिलानी विशाल नायक तथा आंगनवाड़ी पिलानी सेक्टर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और महिला शिक्षा तथा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षा और अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए, जिनसे समाज में



जागरूकता और परिवर्तन आया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें आंगनवाड़ी पिलानी सेक्टर की महिला पर्यवेक्षक अनीता, अध्यापिका नविता वर्मा, महिमा ब्यूटी पार्लर पिलानी की संचालिका सुनीता सैन, आंगनवाड़ी आशा सहयोगिनी लक्ष्मी शर्मा, एएनएम अनुराधा (ढंढारिया), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता देवी (वीवी विहार पिलानी) और कृपा देवी (बनगोठड़ी) को फूलमाला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और डायरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष नायक, पिंकी वर्मा, बबीता कंवर, अंजना शर्मा, चंदा देवी, लक्ष्मी शर्मा, संतरा नायक, सुनीता सैनी, रजनी शर्मा, अफसाना बानो, विमला मेहरा, सीमा आलडिया, अर्चना देवी, सावित्री सैनी, पुष्पा देवी, अनीता सिंह, संतोष चौधरी, शकुंतला देवी, बिंदु देवी, मंजू देवी, सुशीला देवी, संतोष देवी, इंदु देवी, सरोज देवी, किस्मत देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष नायक और पार्षद विशाल नायक के नेतृत्व में की गई। अंत में कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं और सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# पलसाना में मंदिर से दान पात्र चोरी, चोरों ने भगवान को भी नहीं बख्शा



## कस्बे में पुलिस चौकी नहीं होने से बढ़ रही चिंता

पलसाना कस्बे को उप तहसील और पंचायत समिति का दर्जा मिल चुका है, लेकिन अभी तक यहां पुलिस थाना तो दूर स्थायी पुलिस चौकी भी स्थापित नहीं की गई है। जबकि पुलिस चौकी के लिए पूर्व में स्थान भी निर्धारित किया जा चुका है।ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कई वारदातों के बाद विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद प्रशासन ने अस्पताल के सामने अस्थायी रूप से टेंट लगाकर पुलिस चौकी शुरू की थी। लेकिन पुलिस थाने में स्टाफ की कमी के कारण वह व्यवस्था भी धीरे-धीरे बंद हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पलसाना में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं और चोरी जैसी घटनाएं होती रहती हैं। यदि यहां स्थायी पुलिस चौकी स्थापित कर दी जाए तो क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लग सकेगा, अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास बढ़ेगा।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

कस्बे में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब चोरों ने भगवान को भी नहीं बख्शा और जनता गौशाला स्थित सांवरिया मंदिर से दान पात्र चोरी कर लिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में रोष और चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार गौशाला सेवक शिंभूदयाल पीपलोदा ने बताया कि सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो मंदिर में रखा दान पात्र गायब मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत गौशाला के पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर लोगों में आक्रोश फैल गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी भदालाकीढाणी स्थित बालाजी मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

# गुरु शिष्य संगम समारोह का आयोजन : वर्तमान परिपेक्ष में संस्कारयुक्त शिक्षा की आवश्यकता- रेणु कंवर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.किशनगढ़ रेनवाल।**

कस्बे के श्री हरी रतन गार्डन में फ्रेंड्स क्लब द्वारा गुरु शिष्य संगम समारोह का आयोजन हुआ । कार्यक्रम वयो वृद्ध शिक्षाविद् सूर्य प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोती सिंह चौधरी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रामकिशोर मीणा,रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी अशोक गुप्ता,प्रेम सिंह शेखावत , दिनेश सिंह चौधरी, मोहन लाल जाटावत मनोहर लाल दायमा, रामनिवास मौर्य,देवी लाल शर्मा, छीतर मल सेपट, सीता राम शर्मा,नटवर लाल तिवाड़ी,गोपाल लाल वर्मा, मालीराम कुमावत, किशन लाल टेलर,सांवर मल कुमावत,नन्द किशोर शर्मा, श्रवण लाल मेहता, दौलत राम जाजोरिया, अर्जुन लाल ताकर, पोखर मल ऐचरा शिक्षाविद् सहित भामाशाह नानू राम सूंडा, राजेंद्र चेतीवाल का प्रशस्ति पत्र, शॉल व सम्मान फलक पहनाकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में नारी शक्ति शिक्षाविद रेणु कंवर ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान होता है जिन पर देश के भावी भविष्य की नींव को तैयार करने का दायित्व होता है शिक्षक समाज की लिए एक आदर्श होता है जिसका अन्य सभी लोग



अनुसरण करते है। इसलिए समाज में बेहतर सामंजस्य हेतु संस्कारयुक्त शिक्षित युवाओं की आवश्यकता है ताकि भावी पीढ़ी समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना बेहतर योगदान दे सके और एक सशक्त और मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके द्य कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति रेनू कंवर,अंजली वर्मा, पलक वर्मा, शिखा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संजोयक डॉ लक्ष्मी नारायण सामरिया ने बताया कि कार्यक्रम में राजकीय मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी उच्च माध्यमिक विद्यालय के 2004 से पूर्व शिक्षण कार्य करवाने वाले विद्वान शिक्षकों अध्ययनरत पूर्व विद्यार्थियों एवं भामाशाह सहित कुल 80 महानुभावों को सम्मानित किया गया,कार्यक्रम का मंच संचालन राजेंद्र प्रसाद चेतीवाल ने किया। इस अवसर पर रामावतार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा अनेक शिक्षाविदों एवं कार्यक्रम संयोजक शिशुपाल सेपट, कार्यक्रम कोषाध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, शंकर लाल चलावरिया,सोहन लाल सामोता, शंकर लाल यादव,ओम प्रकाश रैगर, राजेंद्र सिंह शेखावत, अशोक शर्मा जितेंद्र कुमावत सरदार मल ताकर,नंद किशोर कुमावत,अशोक जांगिड़, संजय दायमा मनोज द्रोण, चिरंजीव सांखला,, कौशलेश कुमावत, रोहित मीणा मुकेश मीणा,निर्मल कुमावत ने सहयोग किया ।

# पुलिस थाना सूरजगढ़ के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा

## कई संगठनों ने सी एम के नाम दिया एसडीएम को ज्ञापन

## सामाजिक संगठनों ने दिया पीड़ित परिवार को समर्थन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर अत्याचार निवारण समिति झुंझुनूं के तत्वाधान में सूरजगढ़ विधान सभा क्षेत्र के महपालवास की नाबालिग बेटी मामले को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रहा। समिति जिलाध्यक्ष कैलाश दास महाराज सारी धाम ने बताया कि नाबालिग के साथ ताराचंद जाट उम्र पचास साल ने दुष्कर्म का प्रयास किया था जिसकी एफआईआर 14/2026 पुलिस थाना सूरजगढ़ मे दर्ज है। घटना के अठावन दिवस दिन बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपी द्वारा पीड़ित परिवार को धमकाया जा रहा है इस घटना के विरोध मे पीड़ित परिवार



सर्व समाज के लोगों के साथ आज थाने के सामने धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल पर बैठने पर मजबूर और लाचार है। मगर पुलिस साइलेंट मोड में है। नाबालिग के माता पिता भूख हड़ताल पर बैठे है। नाबालिग की माता की तबीयत बीगड़ने पर 108 एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल ले जाया गया ईलाज के बाद दुबारा धरना-प्रदर्शन स्थल पर पहुंची और शासन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अगर अविलंब आरोपी को गिरफ्तार करें। महाराज ने बताया इस धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल की समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान, अनियमितता एवं भ्रष्टाचार विरोधी परिषद सूरजगढ़, सर्व समाज समरसता एवं सर्वांगीण विकास समिति सूरजगढ़, डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति सूरजगढ़, अजाक झुंझुनूं, मेघवाल समाज चेतना संस्थान झुंझुनूं इन सभी पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल कर रहे पीड़ित परिवार और समिति को समर्थन दिया है। सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने सूरजगढ़ उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी दिया और आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को तुरंत न्याय दिलाए जाने की पुरजोर शब्दों में मांग की गई। रामस्वरूप आसलवासिया पूर्व विधायक प्रत्याशी, ओमप्रकाश सेवदा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान, राधेश्याम चिरानिया सचिव डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति सूरजगढ़, सज्जन कुमार कटारिया, डॉ. संपत बारुपाल अजाक जिलाध्यक्ष झुंझुनूं, रघुवीरसिंह राजवीरपूरा, रतनलाल चेतीवाल, रोहीताश कटारिया सहित कई लोगों ने अपने सामाजिक संगठनों के लोग शामिल रहे। धरना स्थल पर चमेली देवी नायक, सपना देवी नायक,प्रीतम बिजोली भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष सूरजगढ़ लाजवंती देवी , रवि प्रकाश, मनोज नायक, सुनील कुमार, वीरसिंह बामणवास, अशोक कुमार उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, विभिन्न मांगें उठाईं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

राष्ट्रीय बौद्ध महासभा हरियाणा के जिला महेंद्रगढ़ इकाई की ओर से अध्यक्ष शेर सिंह और महासचिव कृष्ण कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से एक मांग पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि महाबोधि महाविहार का प्रबंधन पूर्ण रूप से बौद्ध समुदाय को सौंपा जाए। इसके अलावा राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग भी उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और सभी वर्गों की महिलाओं को शिक्षा प्रदान कर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। ज्ञापन में बौद्ध समुदाय के लिए अलग धर्म संहिता (पर्सनल लॉ) बनाए जाने की मांग भी की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध की जन्मभूमि भारत है और उन्होंने अनेक देशों में भ्रमण कर बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार किया। इसके साथ ही पाली भाषा को



संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि प्राचीन काल से पाली भाषा भारत की गौरवशाली भाषा रही है और मानवतावादी दर्शन से जुड़े अनेक ग्रंथ पाली भाषा में उपलब्ध हैं। ज्ञापन देने का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है। नारनौल में यह ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया। इस अवसर पर महासचिव कृष्ण कुमार, अध्यक्ष शेर सिंह, चांदराम भोडीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता भूपसिंह महायच, एडवोकेट कामरेड सुभाष चंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन से संबंधित जानकारी प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार द्वारा जारी की गई।

# छात्राध्यापक ले रहें स्काउट गाइड का प्रशिक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ के तत्वाधान में शेखावाटी शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय डूंडलोद के छात्रध्यापकों का स्काउट गाइड वार्षिक शिविर - शिव गोरा मंदिर गोल्याणा में दिनांक 7 मार्च 2026 से आयोजित हो रहा है ।प्रकृति की गोद में आयोजित स्काउट गाइड के प्रशिक्षण शिविर में चौथे दिन के शुभ अवसर पर स्काउट गाइड के संरक्षक कैलाश चोटिया मुख्य अतिथि रहेएवं पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की द्य कार्यक्रम में अतिथियों ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया तत्पश्चात शिविर का निरीक्षण भी किया द्य कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्रा अध्यापिकाओं को शिविर में मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा प्राकृति से जुड़ने का आह्वान किया ।प्रशिक्षण दल में सहायक लीडर ट्रेनर रामानंद आजाद, एडवांस्ड लीडर महेश कुमार मार्शल, महेंद्र कुमार सैनी, रूक्मानंद खत्री, भंवरलाल, अंतिमा मीणा ,बीना चंदेल, सचिव अर्जुन सिंह सांखनीया ने छात्राध्यापकों को स्काउट गाइड शिविर के उद्देश्य, शिविर नियम, बी .पी सिक्स, शिविर ज्वाल, निरीक्षण के तरीके, स्काउट गाइड नियम ,प्रतिज्ञा का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में 09-3-26 को नवलगढ़ के प्रधान ओमप्रकाश सेन ने मेडिटेशन के बारे में संभागियों को जानकारी दी अंत में स्थानीय संघ के सचिव अर्जुन सिंह साखनिया ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।



# शहीद राजकुमार यादव की प्रतिमा के समक्ष मन्नत मांगकर निकाली दूल्हे की बिनोरी, देशभक्ति से जुड़ा अनूठा विवाह संस्कार

## कारगिल शहीद को नमन कर मांगा सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद, ग्रामीणों ने बताया प्रेरणादायी पहल

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

शेखावाटी की वीरभूमि में शहीदों के सम्मान की परंपरा सामाजिक संस्कारों में भी झलकने लगी है। ऐसा ही एक प्रेरणादायी और अनूठा उदाहरण पचेरी कला के सहड़ का बास गांव में देखने को मिला, जहां इंजीनियर धीरज कुमार की शादी से पूर्व निकाली गई बिनोरी निकासी के दौरान परिजन और ग्रामीण निकटवर्ती गांव इंद्रसर पहुंचे और कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद राजकुमार यादव की प्रतिमा के समक्ष नमन कर दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विवाह जैसे पारिवारिक और सांस्कृतिक आयोजन में शहीदों को नमन करने की इस पहल ने उपस्थित लोगों के मन में देशभक्ति और सम्मान की भावना को और प्रबल कर दिया। कार्यक्रम के दौरान शहीद वीरांगना रेणु देवी और शहीद के भाई प्रताप सिंह यादव ने इस अनूठी पहल का स्वागत किया। उन्होंने बिनोरी में आए सभी लोगों को देसी घी के लड्डुओं का प्रसाद और भोजन खिलाकर सम्मान व्यक्त किया। डीजे की धुन पर परिजन और ग्रामीण उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए तथा इस प्रेरक परंपरा की सराहना की। ग्रामीणों का कहना था कि यदि विवाह, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में शहीदों के प्रति सम्मान की यह परंपरा आगे बढ़ती है तो नई पीढ़ी में देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना मजबूत होगी। यह पहल समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी देती है। इस अवसर पर दूल्हे धीरज कुमार के भाई महेंद्र सिंह उर्फ केसर, चंद्रभान, माता लाडो देवी, मंजू देवी कविता देवी,कैलाश चंद्र, एडवोकेट हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा फाउंडेशन की चेयरमैन मीना एच पंवार, इंजीनियर सुबेसिंह, एडवोकेट मनोज पंवार, ओमप्रकाश, महिपाल यादव, सुंदरलाल चौरा, जय सिंह पारसनगर, देवलावास के उपसरपंच विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कहा कि शहीदों को लोक संस्कृति, विवाह संस्कार और सामाजिक आयोजनों में सम्मान देने की ऐसी पहल देशभक्ति के जज्बे को आध्यात्मिक रूप से जागृत करेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



# नीमराना में सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, शिक्षा व समाज सुधार में योगदान को किया याद



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना कस्बे के श्रीराम प्लाजा स्थित नगर कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को देश की प्रथम शिक्षिका एवं महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का साहसिक कार्य किया, जब समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियां व्याप्त थीं। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा की मिसाल है। उनके प्रयासों से ही देश में महिलाओं की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा और समानता के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद चर्खिया, संजय कुमार यादव, एडवोकेट मनजीत सामदिया, सुरेंद्र सैनी, राहुल सैनी, एडवोकेट देवेंद्र दोसोदिया, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, प्रवीण कुमार यादव, नेमीचंद, रामजस झगड़ोलिया, संदीप उमरावगढ़, राजकुमार सिलारपुर, नरोत्तम यादव, कमल, रिंकू, अर्जुन, दीपक, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## भीम प्रज्ञा कविता

### कड़वी ममता



सन्नाटे की भीड़ में, जब रूह थक जाए,
एक साया बगल में बैठ, चुपके से मुस्कुराए।

वो हाथ नहीं, वो एक गूँज है पुरानी,
हवा का झोंका, या कोई अनकही कहानी।

जब भटकूँ मैं खुद से, वो तमाचा जड़ देता है,
नींद से जगाकर, मुझे मुझसे ही लड़ देता है।

उस चोट में ममता है, कड़वी मगर खरी,
जैसे माँ की डांट में, दुआएँ हों भरी।

वो चोट नहीं, वो सीख का एक गहरा समंदर है,
बाहर से पत्थर सही, पर मोम उसके अंदर है।

उसे खोना मत तुम, वो आइना है तुम्हारा,
अंधेरे रास्तों में, वही एक सच्चा सितारा है।

**क्षमा राव, मुंबई कवयित्री**

# गर्मी में पक्षियों को मिलेगा सहारा, दौसा जिले में लगेंगे 20 हजार परिंडे

### सड़कों पर गोवंश की सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर बेल्ट अभियान भी होगा शुरू।

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।



**मनोज खंडेलवाल ।** भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों और निराश्रित पशुओं की सुरक्षा व संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिलेभर में बड़े स्तर पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा ने की और सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि अगले सप्ताह से जिलेभर में अभियान शुरू कर करीब 20 हजार परिंडे लगाए जाएं तथा उनमें नियमित रूप से पानी भरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों को विभागवार लक्ष्य तय कर उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा गया। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ते हुए जनभागीदारी से पक्षी संरक्षण की दिशा में काम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गर्मी के दौरान पशुओं के लिए भी पेयजल की समुचित व्यवस्था करने पर चर्चा हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी में जल स्रोतों की कमी के कारण पशुओं को परेशानी होती है, इसलिए नगर परिषद, नगरपालिकाओं तथा संबंधित विभागों को सार्वजनिक स्थानों पर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए गए कि सड़क किनारे घूमने वाले गोवंश के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाई जाए, ताकि रात के समय वाहन चालकों को पशु दूर से दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

बैठक के दौरान जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य अवधेश कुमार अवस्थी ने पशु एम्बुलेंस की अनुपलब्धता और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को उपचार के लिए ले जाते समय टोल प्लाजा पर टोल शुल्क वसूले जाने की समस्या उठाई। इस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा ने संबंधित टोल कंपनी के अधिकारियों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि घायल पशुओं को उपचार के लिए ले जाने वाले वाहनों को किसी प्रकार की बाधा नहीं दी जाए और नियमों के अनुसार उन्हें राहत दी जाए। उन्होंने संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर टोल प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि नगर परिषद, नगरपालिकाएं, पशुपालन विभाग तथा अन्य विभाग आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाकर घायल और बीमार गोवंश का उपचार कर उन्हें नजदीकी गोशालाओं और नंदीशाला बीड़, दौसा में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए कि पात्र गौशालाओं के गोवंश को खुले में नहीं छोड़ा जाए और गौशाला प्रबंधकों को इस संबंध में पाबंद किया जाए। साथ ही नगर परिषद दौसा और बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय को निराश्रित कुत्तों के लिए रेबीज टीकाकरण अभियान भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक प्रहलाद मीणा, उप निदेशक राधेश्याम मीणा, परिवहन विभाग के डीटीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य अवधेश कुमार अवस्थी और गौसेवक सुशील शर्मा उपस्थित रहें।

### विश्व हिंदू परिषद की विभाग स्तरीय बैठक आयोजित

# संगठन की विचारधारा, सेवा कार्यों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिया मार्गदर्शन

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।




**पवन कुमार शर्मा ।** जिले के लावरेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद की विभाग स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि सुधांशु पटनायक थे।मुख्य अतिथि सुधांशु पटनायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, सेवा कार्यों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज में सांस्कृतिक जागरण, सेवा और संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक संगठन के कार्यक्रमों को पहुंचाने और समाज को संगठित करने के लिए सक्रिय रहना चाहिए। बैठक में प्रान्त सह मंत्री अशोक डीडवानिया, जिला अध्यक्ष विनोद सिंघानिया, जिला मंत्री जयराज जांगिड़, रामानंद पाठक, सीएम भार्गव, मंडावा प्रखंड से विहिप अध्यक्ष मुकेश बागड़ी, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित भीमसरिया, कृष्ण सिंह (बजरंग दल संयोजक), मनीष जांगिड़ (सह संयोजक), विनय बागड़ी (बजरंग दल कार्यकर्ता) के साथ दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बहनों सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

# भूराराम सेरडिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, युवा प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.श्रीडूंगरगढ़।



खादी ग्रामोद्योग विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं गांधीवादी विचारक स्वर्गीय भूराराम सेरडिया की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर खादी समिति भवन श्रीडूंगरगढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्याम महर्षि ने कहा कि भूराराम सेरडिया समाज के बड़े व्यक्तित्व थे। उन्होंने गांधीवादी विचारधारा के साथ लोककल्याण की भावना से समाज और राष्ट्रहित में कई रचनात्मक कार्य किए। उन्होंने कहा कि सेरडिया ने खादी जगत को नि:स्वार्थ भाव से सेवाएं दीं और उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक है। एडवोकेट श्याम सुंदर आर्य ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की एक महत्वपूर्ण विचारधारा रही है। इसे जीवित रखना आज चुनौतीपूर्ण हो गया है और इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने आत्मनिर्भरता और आमजन को रोजगार देने के उद्देश्य से खादी आंदोलन को बढ़ावा दिया था, जिसे आगे बढ़ाने में सेरडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस नेता विमल भाटी ने कहा कि सेरडिया का संघर्ष और त्याग भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से खादी की विचारधारा को अपनाने और समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।श्रद्धांजलि सभा के दौरान संस्था द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष तुलछीराम गोदारा, सेवानिवृत्त उपनिदेशक प्रभुदयाल डेलू, भूराराम प्रजापत, कुम्भाराम गोदारा, श्रवण कुमार भामू, डालूराम कस्वां, परमेश्वरदास स्वामी, कुम्भाराम घिंटाला, धर्माराम कुकणा, जगदीश प्रसाद शर्मा, जयचंद सेरडिया, राजू गुर्जर, रामनिवास महिया, भागुराम जाखड़, सुरजाराम महिया, केशराराम कड़वासरा, शिव पुरोहित, भंवरलाल जाखड़, दयानंद बेनीवाल, अशोक गोदारा, रामनिवास जाखड़ सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, युवा और महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भूराराम सेरडिया मेमोरियल संस्थान के संस्थापक सुशील सेरडिया ने सभी उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# तोदी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित




भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल, जयपुर तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों, एनसीसी व रेंजर -रोवर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नाथावत के निर्देशन में आयोजित 18वें रक्तदान शिविर में महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों, स्वंयसेवको, कैडेट्स, रेंजर - रोवर्स, विद्यार्थियों के अतिरिक्त नगर के गणमान्य नागरिको के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान में भाग लिया । शिविर में कुल 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर को सफल आयोजन हेतु एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा, एनसीसी अधिकारी ले.डॉ नरेश कुमार वर्मा, रेंजर -रोवर्स अधिकारी डॉ जितेन्द्र काटिया सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने विशेष योगदान दिया। शिविर के अंत में संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल के रक्त बैंक शिविर प्रभारी सुखबीर सिंह भाटी ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत,प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव आशकरण शर्मा, एनएसएस व एनसीसी प्रभारियों को रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।

# महंगाई के खिलाफ बीकानेर में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।




**सोहनलाल परिहार ।** बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों के विरोध में बीकानेर में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आमजन को राहत देने की मांग की। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही गैस सिलेंडर की कीमतों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने 'बहुत हुई महंगाई की मार, अब बस करो ये अत्याचार' और 'रसोई बचाओ - परिवार बचाओ' जैसे नारों के साथ विरोध जताया।? यह प्रदर्शन महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष सरिका सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गैस सिलेंडर के दामों में तुरंत कटौती कर आम जनता को राहत दी जाए। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव शलीना खान ने कहा कि आज महंगाई ने हर घर की रसोई पर भारी बोझ डाल दिया है। एक ओर उज्ज्वला योजना के नाम पर लोगों को सपने दिखाए गए, वहीं दूसरी ओर गैस सिलेंडर की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और आम जनता की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक गैस सिलेंडर के दाम कम नहीं किए जाते, तब तक महिला कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

# कर्मठ ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान का 'कन्यादान अभियान' बना समाज की गरीब बेटियों का सहारा

### समाज की विधवा की बेटी के विवाह में बढ़ाया सहयोग का हाथ, 22,751 रुपये की आर्थिक मदद

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल ।** सामाजिक संवेदना और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मंडावर के कर्मठ ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान द्वारा चलाया जा रहा कन्यादान अभियान अब गरीब बेटियों के लिए सच्चा सहारा बनता जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार को सैनी समाज के सहयोग से एकत्रित 22,751 रुपये की सहायता राशि एक गरीब विधवा महिला के घर पहुंचकर उसकी बेटी के कन्यादान के लिए भेंट की गई, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली और समाज में सहयोग की मिसाल भी कायम हुई। जानकारी के अनुसार मंडावर निवासी एक गरीब विधवा महिला के पति का पहले ही निधन हो चुका है और कुछ समय पूर्व उसके बेटे की भी मृत्यु हो गई। परिवार की पूरी जिम्मेदारी अब उसी विधवा मां के कंधों पर है, जिसकी छह बेटियां हैं। अत्यंत कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद सोमवार 10 मार्च को उसकी बेटी पिंकी सैनी का विवाह तय था। ऐसे कठिन हालात में कर्मठ ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान ने समाज के सहयोग से आगे बढ़कर मदद का हाथ बढ़ाया और कन्यादान अभियान के तहत जुटाई गई राशि परिवार को सौंपकर विवाह में संबल प्रदान किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने विधवा महिला के घर पहुंचकर आर्थिक सहायता देने के साथ उसका हौसला भी बढ़ाया और भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सहायता राशि मिलने पर विधवा मां और उसकी बेटी पिंकी की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे और उन्होंने संस्थान तथा सैनी समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मठ ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान का कन्यादान अभियान समाज की गरीब और जरूरतमंद बेटियों के लिए लगातार सहारा बन रहा है। इस अभियान के तहत सैनी समाज के सहयोग से समाज की जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे विवाह के खर्च में राहत मिलती है और गरीब परिवार भी अपनी बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से अब तक सैनी समाज की कई जरूरतमंद बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग किया जा चुका है और आगे भी यह सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर कर्मठ ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान मंडावर के पदाधिकारी तथा सैनी समाज के अनेक समाजबंधु मौजूद रहे।

# विभागीय पदोन्नति मिलने पर सोनिया कुमावत बनी भू अभिलेख निरीक्षक

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



राजस्व विभाग की ओर से जारी पदोन्नति में सीकर जिले में पटवारी पद पर कार्यरत सोनिया कुमावत ने विभागीय पदोन्नति आदेश पर भू अभिलेख निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर राजस्व कर्मियों, पारिवारिक सदस्यों व समाज के प्रबुद्ध जनों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# चिड़ावा में करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आकाश इंस्टीट्यूट चिड़ावा एवं लोहिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार दिनांक 15 मार्च 2026 (रविवार), समय सुबह 09:30 से 11:30 बजे तक कृष्णा गेस्ट हाउस, चुंगी चौकी के पास, स्टेशन रोड, चिड़ावा में आयोजित होगा। सेमिनार में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी तथा यह बताया जाएगा कि सही करियर का चयन कैसे किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को वैज्ञानिक, आईएएस, आईपीएस अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, टेक्नोक्रेट एवं एंटरप्रेन्योर बनने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को सही करियर पथ चुनने, एक अच्छा इंसान बनने तथा जीवन में सफल और खुशहाल जीवन जीने के तरीके भी बताए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आज के प्रतिस्पर्धी दौर में फाउंडेशन और प्री-फाउंडेशन प्रोग्राम्स के महत्व पर भी विशेष चर्चा की जाएगी। संस्थान की ओर से विद्यार्थियों और अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस मार्गदर्शन सत्र का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# थाना शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई: सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो डालकर दहशत फैलाने के मामले में दो आरोपी काबू

### मामले में एक आरोपी पहले ही काबू, आरोपियों को माननीय न्यायालय में किया जाएगा पेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना शहर टोहाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो डालकर आमजन में दहशत फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को काबू कर चुकी है। इस संबंध में थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान दमकोरा रोड टोहाना स्थित गुरुद्वारा के पास मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक ने सूचना दी कि जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी उर्फ लब्बू पुत्र हरपाल सिंह निवासी दमकोरा रोड टोहाना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपने हाथ में अवैध पिस्टल के साथ फोटो डालकर लोगों में भय और दहशत फैलाने का प्रयास किया है। प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 371 दिनांक 30.06.2024 के तहत धारा 25(1-B)A, 54, 59 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कृष्ण उर्फ बॉक्सर पुत्र सतपाल निवासी वार्ड नंबर 13 गांधी नगर टोहाना तथा सतबीर उर्फ सत्तू पुत्र रामलाल निवासी वार्ड नंबर 20 भाटिया कॉलोनी टोहाना को काबू कर लिया।पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले में आगे की जांच जारी है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अनोखी पहल: दुल्हन बनने जा रही अंकिता की घोड़ी पर निकाली बनोरी

### महिला सशक्तिकरण का संदेश, दकियानूसी परंपराओं को तोड़ते हुए समाज के सामने पेश की नई मिसाल

भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण का एक प्रेरक उदाहरण देखने को मिला, जब सिंघाना के निकट तातीजा गांव के सेवानिवृत्त सीआरपीएफ हवलदार ओमप्रकाश भाडोरिया की बेटी और स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सीएचओ अंकिता भाडोरिया की शादी से पूर्व घोड़ी पर बिठाकर बनोरी निकाली गई। यह अनूठी पहल अंकिता के चाचा अरविंद कुमार भाडोरिया, जो एसएसबी में हवलदार पद पर कार्यरत हैं, द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार अंकिता भाडोरिया का विवाह 11 मार्च 2026 को होने जा रहा है। शादी से पहले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें घोड़ी पर बिठाकर बनोरी निकालना समाज में महिला सम्मान और समानता का संदेश देने वाला कदम माना जा रहा है। इस पहल को लोगों ने सराहते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले फाउंडेशन नारनौल की कोषाध्यक्ष अंजना देवी ने बताया कि यह पहल समाज में महिलाओं के प्रति दकियानूसी सोच को तोड़ने और बेटियों को सम्मान देने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब महिलाओं को शिक्षा तक से वंचित रखा जाता था, लेकिन महापुरुषों के संघर्ष और सामाजिक सुधार आंदोलनों की बदौलत आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। अंकिता भाडोरिया भी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत होकर समाज की सेवा कर रही हैं, जो इस बदलाव का प्रतीक है।कार्यक्रम के दौरान अंकिता के दादा सुनेहरी लाल ने नई पीढ़ी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज को पुराने रूढ़िवादी विचारों को छोड़कर नए प्रगतिशील विचार अपनाने होंगे। इससे महिलाओं के प्रति आत्मसम्मान बढ़ेगा और समाज में बराबरी की भावना मजबूत होगी। इस अवसर पर मंजू देवी, सुमन देवी, विमला देवी, गीता, शशि, सुमन सहित गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे। सभी ने इस अनोखी बनोरी की सराहना करते हुए इसे महिला सम्मान और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अनुरूप सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम की जानकारी सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले फाउंडेशन के प्रधान कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट द्वारा दी गई। यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और समाज के लिए प्रेरक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है।

### चूरू महोत्सव में स्थानीय कला-संस्कृति को मिलेगा मंच

# नवाचारों पर रहेगा जोर, सकारात्मक सुझावों को किया जाएगा शामिल

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

**चूरू ।** चूरू महोत्सव में स्थानीय कला और संस्कृति को मंच प्रदान किया जाएगा। इस दौरान नवाचारों पर भी जोर रहेगा। एडीएम अर्पिता सोनी और नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव को लेकर जानकारी साझा की। नगर परिषद सभागार में एडीएम अर्पिता सोनी ने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मीडिया के अनुभव और सुझावों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।
आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव की प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने जानकारी दी कि प्रशासन का प्रयास है कि इस बार कार्यक्रम में नवाचारों के साथ-साथ स्थानीय लोक कला और संस्कृति को प्रमुखता दी जाएगी। इस दौरान महोत्सव की यातायात व्यवस्था, स्वच्छता और स्थानीय कलाकारों को मंच देने जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।
एडीएम और आयुक्त ने विश्वास दिलाया कि मीडिया से मिले सकारात्मक सुझावों को आयोजन में प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य चूरू महोत्सव को न केवल जिले में बल्कि प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान दिलाना है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए हंसा देवी को मिला पुरस्कार, 11000 रुपये की राशि से सम्मानित

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीमराना उपखंड क्षेत्र के रैवाना गांव निवासी हंसा देवी को महिला अधिकारिता विभाग कोटपुतली बहरोड़ के द्वारा महिला अधिकारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कार दिया गया। हंसा देवी को 11000 रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में दिया गया। इस अवसर पर कलक्टर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस व प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं की समाज में विभिन्न भूमिकाओं को दर्शाया गया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जुगल किशोर निठारवाल ने बताया कि इस अवसर पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम साथिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा सहयोगिनियों को सम्मानित किया गया।

# फतेहाबाद जिले के डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

### डीसी ने जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रखने, अधिक सैंपलिंग, लीकेज मरम्मत व जलघरों की देखरेख के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** जिला जल एवं सीवरेज मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक का आयोजन डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को और अधिक बेहतर बनाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कहीं भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या नहीं आनी चाहिए। इसके लिए जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत समाधान किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रगति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि मिशन के अंतर्गत जिले के सभी लक्षित ग्रामीण घरों को नल से जल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है और संबंधित कार्यों की निरंतर निगरानी की जा रही है। डीसी ने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पानी के अधिक से अधिक सैंपल लिए जाएं तथा समय-समय पर उनकी जांच कराई जाए। यदि किसी क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता से संबंधित कोई समस्या सामने आती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने गांवों में स्थित जलघरों की साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। जहां घास की कटाई या अन्य मरम्मत कार्यों की आवश्यकता हो, वहां तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलघरों की कार्यक्षमता बेहतर बनी रहे। डीसी ने पाइपलाइन में होने वाली लीकेज को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए और कहा कि जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पानी की बर्बादी को हर हाल में रोका जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जलापूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं की नियमित जांच करें और गर्मी के मौसम को देखते हुए पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। बैठक में डीडीपीओ अनूप सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलविंद्र नैन, पंचायती राज एक्सईएन देवेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड, डीपीओ कविता रानी, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ईरान पर अमेरिकी हमले का झुंझुनूं में विरोध: कलेक्ट्रेट पर संगठनों ने फूंका ट्रम्प का पुतला



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं ।** संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंगलवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय किसान सभा, किसान महासभा, क्रांतिकारी किसान यूनियन, जय किसान आंदोलन और राष्ट्रीय मुस्लिम न्याय मंच सहित विभिन्न घटक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी साम्राज्यवाद और इजरायल की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा युद्ध अपराधी बन चुका है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रखकर एक संप्रभु राष्ट्र ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व आयतुल्ला खामनेई को निशाना बनाया और वहां की बेगुनाह जनता पर बमबारी की। नेताओं ने कहा कि अमेरिका का इतिहास लोकतांत्रिक सरकारों को अस्थिर करने का रहा है, चाहे वह वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति मादुरो का अपहरण कर उन्हें कैद करना हो या अब ईरान की संप्रभुता को रौंदना। हाल ही में एक स्कूल पर हुए हमले में 165 बच्चियों के कत्लेआम को मानवता पर कलंक बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई।

# राजकीय विद्यालयों में व्यवस्थापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में विभाग निभाए प्रभावी जिम्मेदारी: डीसी

## डीसी ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### डीसी डॉ. विवेक भारती ने विद्यालयों की व्यवस्थाओं, निर्माण कार्यों व जागरूकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में व्यवस्थापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शिक्षा विभाग अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभाए। बेहतर शैक्षणिक माहौल देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सभी भागीदार बनें। डीसी मंगलवार को शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर डीईओ, डीईईओ, डीपीसी एसएसए तथा बीईओ के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। डीसी ने शिक्षा विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं, राजकीय विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं तथा चल रहे स्कूल भवन निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र पर जिला प्रशासन का विशेष फोकस है और इसी उद्देश्य से वे प्रत्येक माह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। डीसी ने सभी बीईओ से पिछले एक माह में किए गए स्कूल निरीक्षण की जानकारी लेते हुए पूछा कि कितने स्कूल का दौरा किया गया और वहां बाउंड्री वॉल, ड्यूल डेस्क, वॉशरूम, मिड-डे मील की गुणवत्ता, लाइब्रेरी, लैब तथा अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति क्या पाई गई। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी ढांचागत क्षति या कमी पाई गई है, उसका अनुमान तैयार कर जिला प्रशासन सहित मुख्यालय को भेजा जाए ताकि समय रहते सुधार कार्य करवाए जा सकें। डीसी ने अधिकारियों से बातचीत में कहा कि वार्षिक परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने खेल उपकरणों की स्थिति तथा विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर चर्चा की। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी बीईओ अपने-अपने ब्लॉक के स्कूल का नियमित निरीक्षण करें और निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना होना चाहिए। यदि पूर्व सूचना देने के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होता है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीसी ने डीपीसी एसएसए से भी जिला में कंडम वस्तुओं की नीलामी, नई आवश्यकता, उनके एस्टिमेट और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी प्रस्ताव लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए। जहां कहीं भी स्कूल भवन निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। डीसी ने कहा कि प्रत्येक स्कूल स्तर पर एनीमिया मुक्त भारत अभियान, साइबर जागरूकता तथा जनगणना जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही सभी स्कूल में साफ-सफाई और समय-समय पर व्हाइटवॉश पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीईईओ अनीता तथा विभिन्न ब्लॉक के बीईओ उपस्थित रहे।

# आगामी रामनवमी शोभायात्रा को लेकर मोहल्ला बैठकों का हो रहा है नियमित आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**



**कमल किशोर पंवार ।** रामनवमी महोत्सव व शोभायात्रा की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। मंगलवार को रामनवमी महोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने मोर मंदिर ( भगवान श्री राम मंदिर ) में नवलगढ़ के पंडित बँधुओ के साथ एक विशाल मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें भगवान की शोभायात्रा विशाल रूप में मनाने का सभी समाज के नागरिकों से आग्रह किया गया साथ ही इस शोभायात्रा मे हर वर्ष से अधिक संख्या में नागरिक शामिल हो और भव्य रूप दिया जा सके इसके लिए लोगों से निवेदन किया गया शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके अलावा नवलगढ़ नगर के मोहल्ला बैठकें आयोजित की जा रही है। मोहल्लेवासी अपने अपने मोहल्ले की रामनवमी महोत्सव समिति का गठन करके जोर शोर से तैयारियां कर रहे हैं। रामनवमी महोत्सव को लेकर पूरे नगर में उत्साह नजर आ रहा है। कार्यक्रम में रामकुमार सिंह राठौड़ ,महेश मिश्रा ,पवन कुमार शर्मा, प्रोफेसर गिरधारी लाल, विश्वनाथ जोशी, मेजर डीपी शर्मा, मुरली मनोहर चोबदार, पंडित राजेश शर्मा, पंडित हरिप्रसाद शर्मा, पंडित आनंद शर्मा ,पंडित रमेश शर्मा, आकाश शर्मा अजय शर्मा, शंकर लाल शर्मा, वैद्य सुरेश शर्मा, रमाकांत शर्मा,मुकेश शर्मा, चिरंजी लाल गोपाल शर्मा, पंडित विजय खेदवाल, प्रदीप शर्मा, प्रकाश शर्मा, महेश शर्मा, भरत शर्मा सहित अनेक लोग शामिल थे।

# ‘सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर गूंजा महिला सशक्तिकरण का संदेश ‘

### पूर्व सांसद संतोष अहलावत बोलीं– सावित्रीबाई के संघर्ष और शिक्षा मिशन को युवाओं को अपनाना होगा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**




महिला शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कॉलेज में मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें समाज में शिक्षा, समानता और महिला सशक्तिकरण के संदेश गूंज उठे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद संतोष अहलावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। अपने संबोधन में अहलावत ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने जिस दौर में महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा का दीप जलाया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि युवाओं को मोबाइल और समय की बर्बादी से दूर रहकर कुछ नया और सकारात्मक करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या रेखा कुलश्रेष्ठ ने की। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन संघर्ष, साहस और शिक्षा के प्रति समर्पण की अद्भुत मिसाल है। विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक पवन पूनिया और जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने भी सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में पहले आयोजित निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और संघर्ष पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक और प्रेरित कर दिया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार प्रभुशरण तिवारी, शंभु पंवार, मनोज शर्मा, महेश आजाद, निर्मला शर्मा, पूनम जांगिड़, पूनम नुनिया, गुड्डी सोमरा, अभिषेक मुरारका सहित अनेक गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज में शिक्षा और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# फतेहाबाद पुलिस की आमजन से अपील: बच्चों को Online Grooming से बचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा बच्चों को ऑनलाइन अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। डिजिटल युग में जहां सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और विभिन्न इंटरनेट प्लेटफॉर्म बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, वहीं इनके माध्यम से होने वाले साइबर अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से ऑनलाइन दोस्ती और ऑनलाइन ग्रूमिंग जैसी गतिविधियां बच्चों की मानसिक, सामाजिक और शारीरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रही हैं। फतेहाबाद पुलिस द्वारा आमजन, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक मंचों पर साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, ताकि हर परिवार तक यह महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचे।



### क्या है ऑनलाइन ग्रूमिंग?

ऑनलाइन ग्रूमिंग वह प्रक्रिया है, जिसमें अपराधी फर्जी पहचान (Fake Age/Identity) बनाकर नाबालिग बच्चों से संपर्क स्थापित करते हैं। शुरुआत में वे मित्रता का दिखावा कर बच्चों का विश्वास जीतते हैं। धीरे-धीरे बातचीत को निजी विषयों की ओर मोड़ा जाता है और 'यह बात सीक्रेट रहेगी' जैसे बहाने बनाकर निजी फोटो या वीडियो मांगे जाते हैं। कई मामलों में भावनात्मक दबाव डालकर बच्चों को डराया या ब्लैकमेल किया जाता है, ताकि वे इस विषय में किसी को न बताएं।

### आमजन एवं अभिभावकों के लिए जरूरी संदेश

**फतेहाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है कि–**

- बच्चों को ऑनलाइन किसी भी अजनबी से दूरी बनाए रखने और व्यक्तिगत फोटो, वीडियो या जानकारी साझा न करने की स्पष्ट सीख दें।
- यदि कोई व्यक्ति बातचीत को गोपनीय रखने या परिवार से छिपाने की बात करे, तो उसे तुरंत ब्लॉक करें और इसकी सूचना अभिभावकों को दें।
- घर का पता, स्कूल का नाम, फोन नंबर, पासवर्ड या अन्य निजी जानकारी इंटरनेट पर साझा करने से बचें।
- बच्चों के व्यवहार में अचानक बदलाव दिखाई दे तो संवेदनशीलता से उनसे बात करें और उनकी समस्या समझने का प्रयास करें।
- बच्चों के साथ ऐसा विश्वासपूर्ण वातावरण बनाएं कि वे किसी भी असहज (Uncomfortable) स्थिति को तुरंत साझा कर सकें।

**पुलिस अधीक्षक का संदेश -** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सकारात्मक निगरानी रखें, साथ ही उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। डर या डांट की बजाय समझाइश और विश्वास का वातावरण बच्चों को सुरक्षित रखने में अधिक प्रभावी सिद्ध होता है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना दें। समय पर सूचना देने से त्वरित कार्रवाई संभव होती है और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। फतेहाबाद पुलिस समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करती है और आश्वस्त करती है कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए हरसंभव प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# मोदी वर्ल्ड स्कूल में गूंजे सुरों के रंग, “होली स्नेह मिलन - गीत गाता चल” का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



पवित्र रमजान माह और होली के रंगों की उमंग के बीच झुंझुनूं म्यूजिक एकेडमी के तत्वावधान में मोदी वर्ल्ड स्कूल, विज़्डम सिटी के परफोर्मिंग आर्ट सेन्टर-नवरंग कला मंडपम में 'होली स्नेह मिलन - गीत गाता चल' नामक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगीत प्रेमियों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में हर उम्र एवं वर्ग के 20 से अधिक गायक कलाकारों ने अपने गायन की प्रस्तुति देकर शानदार समां बांधा।

दिव्यम सिवानिवाल - होलिया में उड़े रे गुलाल, आनंद सूरजगढ़ - ओ मेरे दिल के चैन, जयशंकर बगड़-समझौता गमों से करलो, महेन्द्र - हमें और जीने की चाहत, जयकिशन जांगिड़ - पल-पल दिल के पास, सोहेल खान - वो लड़की नहीं जिंदगी, श्याम पाटोदिया - रिमझिम गिरे सावन, अनिल पाल - ख्वाब हो तुम, राजकुमार चिड़ावा - समा है सुहाना, चन्द्रप्रकाश मंडावा - पर्दा है पर्दा, इकबाल कबाड़ी (जूनियर रफी) - चाहे कोई मुझे जंगली कहे, इकबाल आरजे 18 - मैंने इक लड़की पसंद करली, कीर्ति बरार - खइके पान बनारस वाला, अनिल चंदेलिया - कहीं दूर जब दिन ढ़ल जाए, मनोज सूरजगढ़ - अकेली ना बाजार जाया करो, मुकेश डुलगच - तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल तथा रमजान रिजवी -तू मेरी जिंदगी है ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने 'रोते हुए आते हैं सब' तथा प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा ने दर्द -ए-दिल, दर्द -ए- ज़िगर गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर अपनी भावपूर्ण गायिकी से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया और दर्शकों की जोरदार तालियां बटोरीं। उल्लेखनीय है कि मोदी वर्ल्ड स्कूल में समय-समय पर इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विद्यालय परिवार के साथ स्थानीय कलाकार भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। ऐसे आयोजन समाज में कला, संस्कृति और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से होली के रंगों और रमजान की बरकत के साथ प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने सराहा। कार्यक्रम में म्यूजिक एकेडमी के संस्थापक एवं झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने उपस्थित सभी गायकों से मिल रहे अपार स्नेह एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा कि संगीत ही वो एक माध्यम है जिससे हम अपने मानसिक तनाव को भूलकर सुकून प्राप्त कर सकते हैं। भाग-दौड़ भरी इस जिन्दगी में गीत गाता चल का आयोजन एक नई स्फूर्ति प्रदान करता है। मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल निदेशक आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा, उप-प्राचार्या श्रीमती सरोज सिंह, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा ने सभी गायक कलाकारों का स्वागत अभिनन्दन किया।

# मानवता की मिसाल बना श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, लावारिस युवक को मिलाया परिवार से

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, बुहाना ने मानव सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए करीब एक वर्ष से अपने परिवार से बिछड़े एक युवक को उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। युवक के परिवार से मिलने के बाद भावुक दृश्य देखने को मिला और परिजनों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार बरसात के दौरान करीब नौ माह पहले ग्राम पंचायत जुझारपुर (सिंघाना के निकट) में एक युवक लावारिस और असहाय अवस्था में भटकता हुआ मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर उसे श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, बुहाना लाया गया। उस समय युवक मानसिक रूप से असंतुलित था और अपना नाम-पता बताने की स्थिति में नहीं था। संस्थान ने मानवता के आधार पर उसे आश्रय दिया तथा उसके उपचार और देखभाल की व्यवस्था की।






लगातार उपचार और देखभाल के बाद युवक की स्मरण शक्ति धीरे-धीरे लौटने लगी। इसके बाद उसने बताया कि वह बिहार राज्य के अकबरपुर क्षेत्र का रहने वाला है। संस्थान ने युवक की दी गई जानकारी के आधार पर उसके परिवार की तलाश शुरू की। करीब एक माह की मेहनत के बाद पता चला कि युवक बिहार के जिला पूर्णिया के थाना भवानीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकबरपुर का निवासी है। युवक का नाम अशोक है और वह बिहार में मिस्त्री का कार्य करता था। परिवार से संपर्क होने के बाद भावुक माहौल बन गया। अशोक पांच बहनों का इकलौता भाई है और उसकी एक पांच वर्षीय बेटी भी है, जो लंबे समय से अपने पिता के लौटने की उम्मीद लगाए बैठी थी। बेटे के मिलने की खबर से पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। पिता जम्मू मंडल, जो लंबे समय से अपने बेटे को देखने के लिए तरस रहे थे, जब संस्थान पहुंचे और बेटे को देखा तो उनकी आंखें नम हो गईं। मां और बहन रेखा भी अपने बेटे और भाई को पाकर भावुक हो उठीं। पूरी प्रक्रिया पुलिस सत्यापन के बाद पूरी की गई और युवक को उसके परिवार को सौंप दिया गया। इस अवसर पर नरेश प्रकाश बोहरा, मास्टर सहीराम तूंदवाल, योगेंद्र पाल यादव, संदीप जांगिड़, शिवचरण सिंह जांगिड़, संदीप रोहिल्ला, संस्था निदेशक डॉ. संदीप कुमार सहित संस्थान के कार्यकर्ता मनीषा चौधरी, सविता कुमारी, दिनेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। संस्थान द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और मानवता की सच्ची मिसाल प्रस्तुत करते हैं।

# गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित

### संजू ने कहा- सचिन की सलाह काम आई, सूर्या ने बुमराह को राष्ट्रीय धरोहर बताया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टीम तीसरी बार टी-20 में वर्ल्ड चैंपियन बनी। अहमदाबाद में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के कारण सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की अहम पारियां शामिल हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 मैचों में 321 रन बनाए। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से हुई बातचीत को दिया। वहीं, कप्तान सूर्या ने जसप्रीत बुमराह को नेशनल धरोहर बताया। गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित है।

# दिव्या को प्राग चैलेंजर शतरंज में तीसरा स्थान , विश्व टॉप 10 में पहुँची



**प्राग, चेक गणराज्य (एजेंसी)।** वर्तमान महिला विश्व कप विजेता भारत की दिव्या देशमुख नें फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 राउंड के बाद 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए ना सिर्फ़ विश्व टॉप 10 महिला खिलाड़ियों में ख़ुद को शामिल कर लिया है बल्कि कैंडिडेट शुरू होने के पहले अपनी मजबूत दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है ।

दिव्या इस 10 खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन मजबूत टूर्नामेंट में शामिल दो महिला खिलाड़ियों में से एक थी विश्व नंबर 3 चीन की जू जिनर भी इस मुक़ाबले का हिस्सा थी जो 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रही। दिव्या देशमुख नें आख़िरी राउंड में मेजबान चेक गणराज्य के स्टीफन हर्बेक को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की । चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे । भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक बनाकर आठवें स्थान पर रहे । फ़िलहाल दिव्या 2510 फ़ीडे रेटिंग अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुँच गई है . 2535 अंकों के साथ अभी भी कोनेरू हंपी विश्व में नंबर 5 और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है ।

# भारत ने 3 साल में 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं

**● एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा ● लगातार 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, पहली बार होम टीम ने टाइटल जीता**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई।


इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

**2024 का कारनामा 2026 में दोहराया-** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को 7 रन के अंतर से हराया। आज टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कारनामा 2026 में भी दोहरा दिया।

### 3 इतिहास बदले

- **पहला-** पहली बार किसी होम टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले कोई मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बनी।
- **दूसरा-** पहली बार किसी टीम ने लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप जीते। इससे पहले कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी थी।
- **तीसरा-** पहली बार किसी टीम ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीते। किसी अन्य टीम ने इस टूर्नामेंट के 3 टाइटल नहीं जीते हैं।





### फाइनल के टॉप रिकॉर्ड्स

**भारत ने 3 साल में 2 टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती-** भारत ने सिर्फ तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कर लीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।

### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

### भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाया

इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। इस रिकॉर्ड में साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ स्कोर बनाने के मामले में भी भारत टॉप पर है। टीम इंडिया अब तक सात बार 250 से ज्यादा का स्कोर बना चुकी है। इस रिकॉर्ड में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद 5 बार 250+ स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत ने 2026 में चार बार 250+ स्कोर बनाया, जो किसी भी टीम से एक साल में सबसे ज्यादा है।

# भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले 5 हीरो

**सैमसन ने लगातार 3 फिफ्टी लगाईं, बुमराह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने रविवार रात न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। वैसे तो इस ट्रॉफी के लिए सभी प्लेयर्स ने योगदान दिया, लेकिन कुछ प्लेयर्स ऐसे रहे, जिन्होंने कठिन परिस्थियों में प्रदर्शन कर खुद को साबित किया।



- **बड़े मैचों में सैमसन ने फिफ्टी लगाई-** भारत के विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। उन्होंने टीम के लिए लगातार 3 मैचों में फिफ्टी लगाई। लीग स्टेज में प्लेइंग-11 के लिए स्ट्रगल कर रहे संजू को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में मौका मिला। यहां टीम को जीत चाहिए थी। सैमसन ने बैटिंग के लिए चैलेंजिंग पिच पर नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89-89 रनों की पारी खेली। वे इस टूर्नामेंट में भारत के टॉप स्कोरर रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।



- **बुमराह इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर-** जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने कोटे के चार ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटके। इतना ही नहीं, वे इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर भी बने। उन्होंने 8 मैचों में 14 विकेट झटके। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी ने भारत को जीत दिला दी। गुरुवार को 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बना लिए थे। मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, तभी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई। उन्होंने मिडिल ओवर्स में 2 ओवर फेंके और मात्र 14 रन देकर इंग्लैंड पर दबाव बना दिया। यहां से भारत ने 7 रन से मैच जीत लिया।



- **ईशान किशन के नाम 3 फिफ्टी-** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी समय में टीम में चुने गए ओपनर ईशान किशन ने टूर्नामेंट में 3 फिफ्टी लगा दीं। उन्होंने फाइनल में 21 बॉल में 247.61 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। किशन ने संजू सैमसन के साथ 48 बॉल पर 105 रन की साझेदारी की। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ ईशान ओपनिंग करने उतरे, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए।



- **हार्दिक के नाम 217 रन के साथ 9 विकेट-** हार्दिक पंड्या ने बैट और बॉल दोनों से योगदान दिया। उन्होंने 9 मैचों में एक फिफ्टी के सहारे 217 रन बनाए। 160.74 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने 9 विकेट भी निकाले। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए और टीम इंडिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। बॉलिंग करते हुए पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट का विकेट निकाल दिया। उन्होंने 19वें ओवर में 9 ही रन दिए और जीत दिला दी।



- **शिवम दुबे ने फाइनल में 225 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए-** भारत ने फाइनल में 15 ओवर में 203 रन बना दिए थे। तब जिमी नीशम ने 16वें ओवर में संजू सैमसन (89 रन), ईशान किशन (52 रन) और सूर्यकुमार यादव (जीरो) को पवेलियन भेज दिया। उसके बाद अगली 24 गेंद में 28 रन बने। ऐसे में टीम इंडिया का 250 भी पहुंचना मुश्किल लग रहा था। शिवम दुबे ने पारी के 20वें ओवर में जिमी नीशम के खिलाफ दो छक्के और 3 चौके लगाए। उनकी 8 बॉल पर 26 रन की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने फाइनल में 255 रन का स्कोर बनाया। उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 25 बॉल पर 43 रन की पारी खेली थी।

# कप्तान सूर्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

**● देशभर में जश्न, आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाच रहे हैं, आतिशबाजी कर रहे हैं और तिरंगा फहराकर खुशी मना रहे हैं। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।

# इम्तियाज अली की 'हीर रांझा' में नजर आएंगी सारा अर्जुन



इम्तियाज अली ने 14 फरवरी के दिन हीर रांझा फिल्म का ऐलान किया था। इसके अनाउंसमेंट वीडियो में हमें लैला मजनू की झलकियां देखने को मिली थी। लेकिन साथ ही हीर रांझा का भी कनेक्शन दिखाई दिया था। अब फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और इसकी कास्ट को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं।

'लैला मजनू' का पार्ट 2!

'हीर रांझा' फिल्म मशहूर पंजाबी लोककथा पर आधारित एक भव्य रोमांटिक कहानी होगी। इस प्रोजेक्ट के साथ दोनों भाई एक बार फिर एपिक लव स्टोरी की दुनिया में लौट रहे हैं। फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस करेंगी, जो इससे पहले इम्तियाज और साजिद के साथ 'लैला मजनू' में काम कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 'हीर रांझा' को 'लैला मजनू' फ्रेंचाइजी का दूसरा चैप्टर माना जा रहा है, जो लव स्टोरी के पार्ट को आगे बढ़ाएगा। फिल्म की घोषणा के बाद से ही कास्टिंग को लेकर चर्चाएं तेज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर फेम सारा अर्जुन इस फिल्म में फीमेल लीड के लिए सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स एक फ्रेश चेहरे की तलाश में हैं और सारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। बता दें कि 2025 में आई आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से सारा ने खास पहचान बनाई थी और अब वह इंडस्ट्री की उभरती हुई टैलेंटेड एक्ट्रेसेज में गिनी जा रही हैं।



### सारा का वर्कफ्रंट

वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा अर्जुन जल्द ही 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 19 मार्च को रिलीज होने वाली है। वहीं, मेल लीड के लिए रोहित सराफ का नाम चर्चा में है। हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अगर रोहित और सारा की जोड़ी बनती है तो उन्हें बड़े पर्दे पर रोमांस करते देखना दिलचस्प होगा।

# 'टटीरी' गाने को लेकर बादशाह की बढ़ीं मुश्किलें

हरियाणा की राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने रैपर-सिंगर बादशाह और उनके नए गाने को लेकर हुए विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि सिंगर का काम माफी के लायक नहीं है।



### माफी के लायक नहीं काम

आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह हाल ही में गाना 'टटीरी' को लेकर विवादों में आ गए। लोगों ने इसके लिरिक्स पर आपत्ति जताई। इस पर बादशाह ने माफी मांगी है। इस बीच मीडिया से बात करते हुए भाटिया ने कहा 'बादशाह ने जो किया है वह माफ करने लायक नहीं है। हरियाणा की बेटियों का इस तरह अपमान करना और उनके खिलाफ ऐसी गंदी भाषा का इस्तेमाल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमने उन्हें 13 मार्च को बुलाया है।

### बादशाह ने मांगी माफी

शनिवार को बादशाह ने एक वीडियो में अपने काम को लेकर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था 'मैं खुद हरियाणा से हूं। जो लोग मुझे जानते हैं, वो जानते हैं कि मेरी बोली, मेरा खान-पान, मेरा रहना-सहना, मेरी पहचान हरियाणा से है। मैं एक हरियाणवी हूं। मेरा कभी ऐसा कोई इरादा नहीं था कि मैं हरियाणा के किसी बच्चे, किसी महिला के बारे में ऐसी बात कहूं। मुझे उम्मीद है कि आप मुझे हरियाणा का बेटा, अपना बेटा समझेंगे और मुझे माफ कर देंगे।' इस बीच, बादशाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक नोटिस भी जारी किया गया है, जिसमें सिंगर-रैपर को पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। टीमें उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने एक ट्वीट में इसकी पुष्टि की। इससे पहले बादशाह के गाने के कुछ बोल और वीडियो में दिखाई गई कुछ तस्वीरों को लेकर आपत्ति जताई गई थी। शिकायत करने वाले लोगों का कहना है कि गाने में इस्तेमाल की गई शब्दावली आपत्तिजनक है। उनका मानना है कि इससे महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचती है। उन्होंने महिला आयोग से इस मामले में कार्रवाई की मांग की।

## मुझसे शादी करोगी... घुटनों पर बैठ एल्विश यादव ने

# जिया शंकर

## को शादी के लिए किया प्रपोज, वायरल हुआ वीडियो



सोशल मीडिया की दुनिया में अक्सर कुछ ऐसे पल सामने आ जाते हैं जो देखते ही देखते वायरल हो जाते हैं. इन दिनों भी एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है, जिसमें एल्विश यादव और जिया शंकर का रोमांटिक अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है. इस वीडियो में एल्विश यादव घुटनों के बल बैठकर जिया शंकर को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं, जिसके बाद जिया का जवाब सुनकर फैंस भी हैरान रह गए.एल्विश यादव और जिया शंकर कुछ वक्त पहले तक रिश्ते में होने को लेकर चर्चा में थे, लेकिन बाद में क्लियर हुआ कि ये सभी अफवाह एक शो के लिए थी. लेकिन, अब एक बार फिर से दोनों को लेकर चर्चा होने लगी है, जिसकी वजह उनका वायरल हो रहा वीडियो है. दरअसल, ये वीडियो डेटिंग रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के दूसरे सीजन का है, जिसे एल्विश यादव और जिया शंकर होस्ट कर रहे हैं. हाल ही में सामने आए एक क्लिप में एल्विश ने जिया को शादी के लिए प्रपोज किया है.



**शादी के लिए किया प्रपोज**

वीडियो में एल्विश लाल गुलाब लेकर जिया के सामने घुटनों पर बैठ जाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी'? ये पल देखते ही शो में मौजूद लोग भी हैरान रह जाते हैं. सबसे दिलचस्प बात तब होती है जब जिया शंकर मुस्कुराते हुए जवाब देती हैं, 'आई लव यू और मैं तुमसे शादी करूंगी'. उनका यह जवाब सुनते ही वहां मौजूद लोग तालियां बजाने लगते हैं, जबकि सोशल मीडिया पर भी इस वीडियो ने तेजी से लोगों का ध्यान खींच लिया. कई फैंस इसे बेहद क्यूट मोमेंट बता रहे हैं, तो कुछ लोग इसे शो का मजेदार ट्विस्ट मान रहे हैं.

**क्या है इसकी सच्चाई ?**

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं. कुछ यूजर्स को लगा कि शायद एल्विश यादव और जिया शंकर सच में रिलेशनशिप में हैं और यह प्रपोजल असली है. वहीं कई लोगों का मानना है कि यह सब शो के कॉन्सेप्ट का हिस्सा हो सकता है, क्योंकि डेटिंग रियलिटी शो में अक्सर ऐसे रोमांटिक या ड्रामेटिक मोमेंट्स देखने को मिलते हैं. दिलचस्प बात यह भी है कि जिया शंकर पहले एक इंटरव्यू में बता चुकी हैं कि उनकी पर्सनल लाइफ में कोई खास है.

# दीपिका पादुकोण

## के सपोर्ट में करीना कपूर और अनन्या पांडे, 8 घंटे शिफ्ट वाले बयान पर कही ये बात



बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक दीपिका पादुकोण ने हाल ही में एक ऐसा बयान दे डाला, जिसने काफी सुर्खियां बटोरीं. दीपिका पादुकोण ने 8 घंटे वर्क शिफ्ट को लेकर ऐसी बात कह दी, जिससे पूरी फिल्म इंस्ट्री में हलचल मच गई. कुछ सितारे दीपिका के इस बयान के सपोर्ट में बोलते हुए नजर आए, तो कुछ सेलेब्स ने इसे गलत भी बताया. इसी बीच अब करीना कपूर खान और अनन्या पांडे ने दीपिका पादुकोण के इस बयान का सपोर्ट किया है. करीना और अनन्या ने दीपिका के 8 घंटे वर्क शिफ्ट वाले बयान का समरर्थन करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है.




दीपिका पादुकोण ने कुछ वक्त पहले एक्टर्स की 8 घंटे की वर्क शिफ्ट को लेकर बात रखी, जिसने बॉलीवुड में एक नई बहस छेड़ दी. ये मामला तब सुर्खियों में आया जब एक्ट्रेस ने संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 ष्ठ' के सीक्वल के लिए 8 घंटे काम करने की मांग रखी. इस पूरे विवाद के बीच अब करीना कपूर खान और अनन्या पांडे ने दीपिका की मांग का बचाव करते हुए कहा है कि फिल्म शुरू होने से पहले प्रोड्यूसर्स से बात करना ठीक है.

**करीना कपूर ने क्या कहा ?**

एक हालिया बातचीत के दौरान करीना कपूर ने दीपिका के बयान पर कहा, मुझे लगता है कि अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे हैं और एक औरत होने के नाते, अगर आप वो टाइम नहीं देना चाहतीं, तो आपको ये कहने में काबिल होना चाहिए कि मुझे ये चाहिए. मैं इतने घंटे काम कर सकती हूं. मुझे लगता है कि फिल्म शुरू होने से पहले अपनी बात रखना बिल्कुल ठीक है. आपको ईमानदार होना होगा. बेशक, कुछ दिन गड़बड़ हो सकती है क्योंकि ऐसा कोई तरीका नहीं है कि कुछ दिन कुछ गलत न हो. आपको वो खुलापन रखना होगा. कुछ प्लान के मुताबिक नहीं हो सकता. इसलिए इतनी फ्लेक्सिबिलिटी होनी चाहिए, नहीं तो ये बहुत मुश्किल है.

**क्या बोलीं अनन्या पांडे ?**

अनन्या पांडे ने भी दीपिका का बचाव करते हुए कहा, मैंने दीपिका के साथ काम किया है और मां बनने से पहले ऐसा कुछ नहीं था. वो काम कर रही थीं, वर्कशॉप के लिए आ रही थीं, कोई शिकायत नहीं थी और कुछ भी नहीं मांग रही थीं. अब वो एक मां हैं, उन्हें अपने बच्चे के विकास के पहले दो सालों में उसके साथ रहने के लिए यही चाहिए. मुझे लगता है कि बैलेंस बनाने के लिए अपने प्रोड्यूसर से बात करना ठीक है. ये कुछ ऐसा है जिस पर काम किया जा सकता है.

## नागपुर के भाइयों ने गाड़ा जीत का झंडा! विक्रम और अजिंक्य ने ट्रॉफी के साथ जीते लाखों रुपये




सोनी टीवी और सोनी लिव के टीवी के सबसे बड़े और स्वाद से भरपूर कुकिंग रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' का सफर अपने मुकाम पर पहुंच गया है. आखिरकार 3 महीने चले इस शो को अपना विनर मिल गया है. नागपुर के रहने वाले भाई-भाई की जोड़ी— विक्रम और अजिंक्य गंधे ने अपनी मेहनत, तालमेल और जायके के जादू से इतिहास रच दिया है. उन्होंने न केवल चमचमाती मास्टरशेफ की ट्रॉफी उठाई, बल्कि शानदार 'गोल्डन एप्रन' पहनकर पूरे देश का दिल जीत लिया. ट्रॉफी और एप्रन के साथ इन दोनों को 25 लाख रुपये की राशि इनाम के तौर पर मिली.

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर ऑन एयर हुआ ये सीजन कई मायनों में ऐतिहासिक रहा. इस बार मास्टरशेफ इंडिया ने अपनी पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए 'जोड़ी' का फॉर्मेट पेश किया था. देशभर से 50 जोड़ियों ने इस सफर की शुरुआत की थी, जिनमें मां-बेटी, भाई-बहन और पति-पत्नी जैसी खूबसूरत रिश्तों की केमिस्ट्री रसोई में देखने को मिली.

कड़े मुकाबले के बाद, जजों के फैसले ने ये साफ कर दिया कि फिनाले में शामिल हुईं इन तीन जोड़ियों में से स्वाद और रिश्तों का सबसे सही संतुलन विक्रम और अजिंक्य के पास ही था.

**दिग्गज शेफ्स ने बांधा समां**

ग्रैंड फिनाले की शाम को चार चांद लगाने पहुंचे भारत के कुकिंग आइकन शेफ संजीव कपूर शो में शामिल हुए. उन्होंने जजों की त्रिमूर्ति विकास खन्ना, रणवीर बरार और कुणाल कपूर के साथ मिलकर कंटेस्टेंट्स की हौसलाअफजाई की. संजीव कपूर ने इस जीत पर खुशी जताते हुए कहा, मास्टरशेफ के साथ मेरा पुराना रिश्ता है, और इस बार का सीजन भारत की बदलती और उभरती तस्वीर को दिखाता है. विक्रम और अजिंक्य ने न केवल अपना हुनर दिखाया, बल्कि अपनी जड़ों और अपने शहर के प्रति गर्व को भी प्लेट पर उतारा. आज भारत को एक नहीं, बल्कि दो विनर्स मिले हैं.

**जानें क्यों जीते ये भाई ?**

शेफ विकास खन्ना ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ये यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी. वहीं, अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए मशहूर शेफ रणवीर बरार ने इसे एक परिवार की जीत बताया. उन्होंने कहा, मैं हमेशा मानता हूं कि सबसे बेहतरीन डिश ही जीतती है, और विक्रम-अजिंक्य ने हर चुनौती में अपनी काबिलियत साबित की.शेफ कुणाल कपूर ने भाइयों की मेहनत की तारीफ करते हुए कहा, मैंने उनकी आँखों में वो जुनून और भूख देखी थी, जो एक मास्टरशेफ के लिए बेहद ज़रूरी है. उनकी दृढ़ता ने ही उन्हें आज यहां तक पहुंचाया है.

## फिर टूटा राखी सावंत का दिल! राकेश ने ठुकराया प्यार, ड्रामे के चक्कर में राखी ने स्विमिंग पूल में लगाई छलांग




टेलीविजन का सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस मराठी 6' इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है. घर में जब से ड्रामा क्वीन राखी सावंत की एंट्री हुई है, तब से हंगामे का लेवल दोगुना हो गया है. राखी जहां होती हैं, वहां एंटरटेनमेंट और इमोशनल ड्रामा न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता. हाल ही में शो में राखी ने 'तुम बिन' एक्टर राकेश बापट के साथ अपनी जोड़ी बनाई थी और इसे 'रा-रा' नाम भी दिया था. लेकिन अब इस कहानी में एक ऐसा मोड़ आया है जिसने राखी को हैरान कर दिया है.

दरअसल ये रिश्ता सिर्फ राखी की तरफ से था और राकेश इसे सिर्फ मजाक के तौर पर देख रहे थे. लेकिन राखी और राकेश के बीच का रिश्ता अब खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है. बिग बॉस मराठी के लेटेस्ट एपिसोड में राखी राकेश से ये कहती हुई नजर आईं कि सबको तुम्हारा और मेरा रिश्ता खटक रहा है. इस पर राकेश बहुत ही ठंडे और सीधे लहजे में जवाब देते हैं, तो फिर सबको जाकर बोल दो कि अब हम सिर्फ दोस्त हैं.

**राखी का नया ड्रामा**

राखी इस बात को स्वीकार करते हुए कहती हैं, सो वी आर फ्रेंड्स नाउ. लेकिन राकेश यहीं नहीं रुकें, उन्होंने आगे कहा कि मुझे दूसरी बार हर्ट नहीं होना है और इतना कहकर वो वहां से चले गए. राकेश का ये रुखा रवैया राखी के दिल पर गहरी चोट कर गया.

**स्विमिंग पूल में लगाई छलांग**

राकेश से मिले इस झटके के बाद राखी सावंत पूरी तरह से टूटती हुई नजर आईं. वो बेसुध होकर गार्डन एरिया की ओर बढ़ीं. घरवालों की नजरें उन पर ही थीं कि तभी अचानक राखी स्विमिंग पूल की सीढ़ियों पर खड़ी हुईं और बिना सोचे-समझे पानी में छलांग लगा दी. पानी में गिरने के बाद राखी जोर-जोर से रोने लगीं और चिल्लाते हुए कहने लगीं, आई ....म लूजर (मैं हार गई हूं). राखी का ये अवतार देखकर घर के बाकी सदस्य बुरी तरह घबरा गए. सब 'राखी-राखी' चिल्लाते हुए उन्हें बचाने के लिए पूल की तरफ दौड़े. राखी का ये 'इमोशनल डाउनफॉल' सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रहा है.

## पंजाब में बीजेपी के नेता अमित गोसाईं अकाली दल में शामिल

लुधियाना (एजेंसी)। मंगलवार को पंजाब की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर हुआ, जब भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित गोसाईं ने इस्तीफा दे दिया और कुछ समय बाद अपने समर्थकों के साथ शिरोमणि अकाली दल में शामिल हुए। अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने खुद उन्हें पार्टी में शामिल करवाया और साथ ही लुधियाना सेंट्रल से हलका इंचार्ज भी नियुक्त किया। बता दें कि गोसाईं पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सतपाल गोसाईं के पोते हैं। बादल ने अमित गोसाईं का शिरोमणि अकाली दल के परिवार में स्वागत कर कहा कि अमित अपने दादा सतपाल गोसाईं के काम में उनका साथ देते रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्पोक्सपर्सन पद से भी इस्तीफा दे दिया है। सुखबीर ने भरोसा जताया कि अमित गोसाईं के आने से शिरोमणि अकाली दल और मजबूत होगा। अकाली दल प्रमुख बादल ने गोसाईं को लुधियाना सेंट्रल से हलका इंचार्ज बनाया और कहा कि अकाली दल में उनके साथ शामिल हुए है उनका भी पूरा सम्मान और अहम जिम्मेदारियां दी जाएगी। इसके पहले सतपाल गोसाईं ने सोशल मीडिया पर कहा था कि वह आज दुखी मन से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक मेंबरशिप से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा था कि उनसे पार्टी की दुर्दशा देखी नहीं जा रही है, इसलिए वह इस्तीफा दे रहे हैं।

## गुमला में हाथी के कहर से मासूम की मौत

गुमला (एजेंसी)। झारखंड के गुमला जिला के पतराटोली गांव में देर रात जंगली हाथी के अचानक घर में प्रवेश से एक चार माह की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना चंदन उरांव के घर में हुई। बताया गया है कि हाथी ने घर के पास दीवार को जोरदार धक्का दिया, जिससे कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। तब घर में चंदन की पत्नी सुषमा उरांव अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी। दीवार गिरने की आवाज सुनकर सुषमा ने अपने पांच वर्षीय बेटे को लेकर भागने में सफल रहीं, लेकिन हड़बड़ी में चार माह की बेटी अमिता कुमारी मलबे में दब गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुषमा को भी चोटें आईं, जिन्हें ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार दिया। मां अपने बच्चे को खोने के सदमे में बार-बार बेहोश हो रही थीं, और गांव की महिलाएं उन्हें ढांढस बंधाती रहीं। घटना की सूचना मिलने पर करंज थाना पुलिस और बसिया वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। ग्रामीणों में जंगली हाथी के प्रवेश से भय और दहशत का माहौल है; लोग रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। प्रभावित परिवार ने वन विभाग से हाथी को खदेड़ने और मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासन से भी परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। इस दुखद घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है और यह जंगली हाथियों और मानव बस्तियों के बीच लगातार बढ़ते संघर्ष की चिंता को उजागर करती है।

## नॉर्थ ईस्ट के लोगों के साथ मारपीट, सीएम संगना ने दिल्ली पुलिस सुरक्षा पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में एक बार फिर नॉर्थ ईस्ट के लोगों के मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। 8 मार्च को साकेत नगर के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास मणिपुर की रहने वाली युवती और उसके दोस्तों से मारपीट की घटना हुई। पुलिस के मुताबिक सभी पीड़ित पार्क में टहल रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन पर कमेंट किए। युवती और उसके दोस्तों ने इसका विरोध किया। इस पर उन लोगों ने युवती और उसके साथियों पर हमला कर दिया। हमले में युवती घायल हो गई। इस घटना से नाराज मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा ने एक्स पर पोस्ट के जरिए दिल्ली पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीएम संगना की पोस्ट पर दिल्ली पुलिस ने घटना की निंदा करते हुए लिखा- आरोपियों की पहचान की जा रही है, उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमों को तैनात की हैं। मेघालय सीएम संगना ने लिखा कि यह नस्लीय तौर पर डराने-धमकाने वाली घटना है। मुझे मेनलैंड इंडिया में नॉर्थ ईस्ट के लोगों पर बार-बार हो रहे हमलों से नाराजगी है। इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## अरुणाचल के जंगलों में लगी भीषण आग पर काबू पाने वायुसेना ने संभाला मोर्चा

### -शक्तिशाली हेलिकॉप्टर एमआई-17 वी5 से 66,000 लीटर पानी बरसाया

ईटानगर (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट स्थित मेबो और सिगर के जंगलों में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए अब भारतीय वायुसेना ने मोर्चा संभाल लिया है। मंगलवार को वायुसेना ने एक अभियान चलाते हुए अपने शक्तिशाली हेलिकॉप्टर को तैनात किया, जिसने कई उड़ानों के जरिए रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ती आग की लपटों पर काबू पाया। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में पासीघाट के मेबो और सिगार इलाकों में जंगल में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए एक तेज़ और दमदार फायरफाइटिंग मिशन शुरू किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आग पर काबू पाने के लिए एमआई- 17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है, जिसने आस-पास की बस्तियों को बचाने के लिए कई सॉर्टीज़ में 66,000 लीटर पानी छोड़ा। एक्स पर पोस्ट में आईएएफ ने आग और हवाई फायरफाइटिंग मिशन की शानदार तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। पोस्ट में लिखा- अरुणाचल प्रदेश में तेज़ रिस्पॉन्स और ऑपरेशनल सटीकता दिखाई, पासीघाट के मेबो और सिगार इलाकों में जंगल की बड़ी आग पर काबू पाने के लिए एक एमआई- 17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किया है। यह पहली बार नहीं है जब आईएएफ ने इस साल इस इलाके में जंगल की बड़ी आग में दखल दिया है। 18 फरवरी को आईएएफ के हेलिकॉप्टरों ने नॉर्थ-ईस्ट के मुश्किल इलाकों में लगी दो बड़ी जंगल की आग पर काबू पाया था। अरुणाचल प्रदेश के वालोंग में, फोर्स ने हेवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल करके 139,800 लीटर पानी गिराया, जिससे एक बड़ी आग पर काबू पाया जा सका। रिपोर्ट के मुताबिक अपनी आग बुझाने की ड्यूटी के साथ-साथ आईएएफ इंडियन आर्मी के साथ कोऑर्डिनेशन को मजबूत करना जारी रखे हुए है। 8 मार्च को दोनों फोर्स ने उत्तराखंड में टिहरी झील के ऊपर एक जॉइंट एक्सरसाइज की। इस ड्रिल में कॉम्बैट फ्री-फॉल और स्टैटिक लाइन पैरा-ड्रॉप्स शामिल थे। एक और पोस्ट में आईएएफ ने कहा कि 8 मार्च को एयरक्राफ्ट ने इंडियन आर्मी के साथ एक जॉइंट एक्सरसाइज में टिहरी झील के ऊपर कॉम्बैट फ्री-फॉल और स्टैटिक लाइन पैरा-ड्रॉप्स किए। इस एक्सरसाइज ने आसान इंटर-सर्विस सिनर्जी और ऑपरेशनल कैपेबिलिटी दिखाई।

# सुप्रीम कोर्ट की सख्त नसीहत: केवल मीडिया पब्लिसिटी के लिए जनहित याचिकाएं दायर न करें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निकाय संबंधी कथित लापरवाही के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए निर्देश जारी करने की मांग वाली एक याचिका को सिरे से खारिज कर दिया। याचिका को खारिज करते हुए न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया और युवा अधिवक्ताओं को केवल मीडिया और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने के उद्देश्य से जनहित याचिकाएं दायर करने के प्रति आगाह किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक युवा वकील को सलाह देते हुए कहा कि वकालत के शुरुआती वर्षों में उन्हें कानूनी बारीकियों को समझने, अदालती कार्यवाही को करीब से देखने और मसौदा (ड्राफ्टिंग) तैयार करने के कौशल सीखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग इस पेशे में गंभीरता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें राष्ट्रीय मीडिया या सोशल मीडिया पर छाने की होड़ से दूर रहना चाहिए। उन्होंने टिप्पणी की कि दफ्तरों में काम करने और कानून सीखने के बजाय निराधार याचिकाएं तैयार करना पेशेवर भविष्य के लिए ठीक नहीं है। पीठ ने याचिका को अस्पष्ट और व्यापक दावों से भरी हुई करार देते हुए कहा कि इसमें ऐसे निर्देश मांगे गए हैं जिनका व्यावहारिक रूप से पालन करना अत्यंत कठिन है, इसलिए इस पर विचार करने का कोई ठोस कारण नहीं दिखता। सुनवाई के दौरान जब सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के रखरखाव में विफलता से होने वाली मौतों का मुद्दा उठा, तो पीठ ने याचिकाकर्ता की वकील से पूछा कि उन्होंने इस विशिष्ट मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफशिकायत दर्ज कराने के बजाय सीधे उच्चतम न्यायालय का दरवाजा क्यों खटखटाया। इस पर वकील ने तर्क दिया कि यह एक राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। वकील के वकालत के अनुभव (चार वर्ष) की जानकारी मिलने पर प्रधान न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि युवा वकीलों को वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समय बिताना चाहिए, न कि केवल प्रचार पाने के लिए अदालत का समय नष्ट करना चाहिए। इसी कड़ी में, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक ही वकील द्वारा दायर पांच अन्य याचिकाओं को भी निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में अजीबोगरीब मांगें की गई थीं, जिनमें से एक में यह वैज्ञानिक अध्ययन कराने का आग्रह था कि क्या प्याज और लहसुन में तामसिक या नकारात्मक ऊर्जा होती है। अन्य याचिकाओं में शराब और तंबाकू उत्पादों की सामग्री पर नियंत्रण, संपत्तियों का अनिवार्य पंजीकरण और शास्त्रीय भाषाओं की घोषणा के लिए दिशा-निर्देशों की मांग की गई थी। न्यायालय ने इन सभी याचिकाओं को कानूनी आधार पर शून्य माना और स्पष्ट किया कि जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग न्यायपालिका की गंभीरता को कम करता है।

## हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले में केंद्र से मांगा रिकॉर्ड, अगली सुनवाई 19 को

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्ड पीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद के मामले में केंद्र सरकार से संबंधित केस फाइल तलब की है। यह याचिका निचली अदालत द्वारा एफआईआर दर्ज कराने से इनकार किए जाने के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई है। याचिका पर करीब डेढ़ घंटे तक विस्तृत बहस हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय का पक्ष रखने के लिए केंद्रीय स्थायी अधिवक्ता राज कुमार सिंह को भी तलब किया और मामले से जुड़ी मामले से जुड़ी ताजा कार्रवाई की जानकारी मांगी। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी है। उस आदेश में अदालत ने राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग ठुकरा दी थी। विशेष अदालत ने कहा था कि नागरिकता के सवाल पर निर्णय लेना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। याचिका में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच कराने की मांग की गई है। याची ने राहुल पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत आरोप लगाए हैं। यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में दायर की गई थी। बाद में शिकायतकर्ता की अर्जी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 17 दिसंबर 2025 को मामला रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। लखनऊ की विशेष अदालत ने 28 जनवरी को याचिका खारिज कर दी। इसके बाद याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## अपने पूरे परिवार के साथ पीएम मोदी से मिली पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे

### -प्रधानमंत्री मोदी और पोते विनायक के बीच मुलाकात रही खास

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनका परिवार नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचा। इस दौरान वसुंधरा राजे के साथ उनके परिवार के सदस्य भी



मौजूद थे। यह मुलाकात शिष्टाचार की रूप में देखी जा रही है, लेकिन मरुधार के राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चाएँ शुरू हो गई हैं।

मुलाकात के दौरान विशेष ध्यान विनायक प्रताप सिंह पर गया, जो अपनी दादी की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की संभावनाओं के कारण चर्चा में हैं। विनायक ने 2023 में पहली बार मतदान किया था और कुछ चुनावी कार्यक्रमों में भी दिखाई दिए थे। उनकी फिटनेस के प्रति सजगता और यूट्यूब चैनल पर फिटनेस वीडियो साझा करने के कारण युवा वर्ग में उनकी लोकप्रियता है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी और विनायक के बीच मुलाकात में खास बातचीत देखी गई, जिससे यह अटकलें लग रही हैं कि विनायक राजनीति में जल्द ही कदम रख सकते हैं। वर्तमान में वह दिल्ली से कानून की पढ़ाई कर रहे हैं और जिमिंग व ओपन एक्सरसाइज पर विशेष ध्यान देते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि विनायक की पृष्ठभूमि और युवा छवि उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में एक मजबूत उपस्थिति बनाने में मदद कर सकती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यह मुलाकात वसुंधरा राजे और उनके परिवार के भविष्य की रणनीतियों का हिस्सा हो सकती है। फिटनेस और कानून की पढ़ाई के साथ विनायक अपनी दादी की विरासत को आधुनिक अंदाज में आगे बढ़ा सकते हैं। मुलाकात के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिससे जनता और समर्थकों में उत्सुकता बढ़ी है। इस तरह, यह मुलाकात सिर्फ औपचारिक नहीं बल्कि भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं का संकेत भी मानी जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री रिजिजू का बचाव कर शाह ने गोगाई को सुना दिया... इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू होते ही, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर निशाना साधकर कहा कि उन्हें उस केंद्रीय मंत्री के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने विपक्ष को सबसे ज्यादा बार बाधित किया। यह गोगोई के संबोधन के दौरान रिजिजू के उस बयान के जवाब में था, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्षी सांसदों ने असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया और मैं इसका जबाव दूंगा।

इसके बाद कांग्रेस सांसद ने कहा कि भविष्य में जब संसदीय अभिलेखों और प्रतिलेखों का अध्ययन होगा, तब आंकड़े बताएंगे कि रिजिजू ही वे संसदीय कार्य मंत्री थे जिन्होंने विपक्ष को सबसे ज्यादा बार बाधित किया। इस पर रिजिजू का बचाव कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस तरह की बाधाएँ तभी आवश्यक होती हैं जब कोई संसदीय नियमों का पालन नहीं करता है, और उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल का उदाहरण दिया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मैं सहमत हूँ, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू जी ने सबसे ज़्यादा व्यवधान डाला है। लेकिन हम लोगों ने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा। जिसका मतलब था कि व्यवधान विपक्ष द्वारा सदन के नियमों का बार-बार उल्लंघन करने के कारण थे। अपने संबोधन में, गोगोई ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव सदन की गरिमा की रक्षा के लिए लाया गया है, न कि किसी व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए। निचले सदन को संबोधित कर गोगोई ने कहा कि यह प्रस्ताव सदन की गरिमा की रक्षा करने की जिम्मेदारी के रूप में लाया गया है, न कि व्यक्तिगत रूप से ओम बिरला के खिलाफ।

## केंद्र सरकार चला रही 54 मंदिर-तीर्थ कॉरिडोर प्रोजेक्ट, राजस्थान में सर्वाधिक 4

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार देश भर में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 54 मंदिर-तीर्थ कॉरिडोर परियोजनाएँ चला रही है। ये परियोजनाएँ 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हैं। इनमें सर्वाधिक 4 राजस्थान में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इन 54 परियोजनाओं में सबसे अधिक चार परियोजनाएँ राजस्थान में हैं, जो राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के केंद्र के प्रयासों को दर्शाती हैं। यह योजना न केवल तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर केंद्रित है, बल्कि मंदिरों और उनके आसपास के बुनियादी ढांचे को भी सशक्त करने का लक्ष्य रखती है।

केंद्र सरकार के अनुसार, यह पहल देश के सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए अहम कदम है। योजना के अंतर्गत कॉरिडोर के पास यात्रियों के लिए सुविधाएं, मार्गदर्शन और संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। इस प्रकार, 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इन परियोजनाओं के माध्यम से देशभर में धार्मिक स्थलों की अहमियत और पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## वीएसआर के मालिक को दुर्घटना के तुरंत बाद कैसे पता चला पायलट की गलती थी?

### एनसीपी(एसपी) के विधायक रोहित पवार ने वी के सिंह के बयान पर उठाए सवाल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और चार अन्य लोगों की विमान दुर्घटना में हुई मौत की जांच अब एक नए विवाद का केंद्र बन गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने इस मामले में विमानन कंपनी वीएसआर वेंचर्स के मालिक वी के सिंह की भूमिका और उनके बयानों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सीआईडी ने हाल ही में वीएसआर वेंचर्स के मालिक से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिंह ने इस दुर्घटना के लिए पायलट को जिम्मेदार बताया। इसी दावे पर रोहित ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।




मीडिया रिपोर्ट कके मुताबिक सीआईडी के एक ??अधिकारी ने कोई विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा था कि सीआईडी ने पिछले सप्ताह वी के सिंह से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। सीआईडी ??ने सिंह से पूछताछ के संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है। वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित एक लीयरजेट 45 विमान 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी।

मीडिया के एक वर्ग ने सीआईडी को दिए सिंह के बयान का जिक्र किया था। रोहित पवार ने मीडिया के एक वर्ग में आए सिंह के इस बयान का हवाला देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ब्लैक बॉक्स में वास्तव में क्या रिकॉर्ड हुआ था, यह अब तक सामने नहीं आया है। अगर ऐसा है, तो वीएसआर कंपनी के मालिक को दुर्घटना के कुछ ही समय बाद कैसे पता चला कि यह पायलट की गलती थी? वह खुद को इससे दूर रखते हुए दोष किसी और पर डालने की कोशिश कर रहे हैं।

रोहित ने बताया कि कभी रिपोर्ट में कहा जाता है कि विमान का 'ब्लैक बॉक्स' जल गया है, जबकि कभी दावा किया जाता है कि डेटा बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां ??इस मामले पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद सीआईडी ने वी के सिंह से हुई पूछताछ को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रोहित का मानना है कि इस चुप्पी से जनता के मन में संदेह पैदा हो रहा है। यह मामला अब एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। क्या ब्लैक बॉक्स का सच कभी सामने आएगा या यह फाइलों में ही दफन हो जाएगा?

## एलपीजी संकट पर केजरीवाल का पीएम मोदी पर तंज... अपनी कुछ मजबूरियों के कारण ट्रंप के सामने झुके



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश में संभावित एलपीजी संकट को लेकर केंद्र पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कुछ मजबूरियों के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुक रहे हैं और इसकी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में अस्थिरता पैदा हो गई है, इससे तेल और गैस बाजार प्रभावित हो रहे हैं। इस बीच केजरीवाल ने दावा किया कि देशभर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को एलपीजी की आपूर्ति रोकी गई है। उनके अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर अन्य सभी कारोबारी प्रतिष्ठानों को फिलहाल एलपीजी गैस नहीं दी जा रही है और गैस केवल घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आशंका जाहिर की कि आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

दरअसल, यह बयान उस समय आया जब पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दे दिया है। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और वैश्विक आपूर्ति में बाधा को देखकर देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। इसलिए अतिरिक्त एलपीजी उत्पादन को विशेष रूप से घरेलू उपयोग के लिए निर्देशित किया गया है। मंत्रालय ने यह भी घोषणा की कि मौजूदा आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने और जमाखोरी तथा कालाबाजारी को रोकने के लिए एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों की इंटर-बुकिंग अवधि लागू की गई है। मोदी सरकार ने रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने तथा प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्रोतों को एलपीजी पूल में भेजने का निर्देश दिया है। मोदी सरकार का कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य आम नागरिकों को रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना और संकट के समय ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखना है। वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार की नीतियों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर सवाल उठा रहा है।

## राजस्थान में बढ़ते प्रदूषण से लोगों की घटा रहा उम्र, साल में 20 दिन ही मिल रही शुद्ध हवा

### -रिपोर्ट में खुलासा जहरीली हवा में खतरनाक कण मौजूद, शरीर को पहुंच रहा नुकसान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। राजस्थान में बढ़ता प्रदूषण प्रदेशवासियों की औसत उम्र घटा रहा है। जयपुर में तो साल में 20 दिन ही शुद्ध हवा लोगों को मिल रही है। जहरीली हवा में मौजूद बारीक कण सिर्फ फेफड़े ही नहीं दिमाग की नसों तक पहुंच रहे हैं। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ रहा है। एक ताजा रिपोर्ट में यह चौंकान वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट बताती है कि जयपुर का हर नागरिक अपनी औसत उम्र के 3 साल 10 महीने और 24 दिन सिर्फ जहरीली हवा के कारण कम कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट ने 25 फरवरी 2026 को 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट-2026' नाम से एक रिपोर्ट जारी की थी। प्रदेश के लिए वर्ष 2021 से 2025 के बीच प्रदूषण स्तर एक्यूआई के आंकड़े जुटाए गए फिर प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों की मात्रा के आधार पर आंकलन किया गया कि ये उम्र पर कितना असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि जहरीली हवा में इतने खतरनाक कण मौजूद हैं, जो सांस से हमारे शरीर में जा रहे हैं। इससे प्रदेश के हर व्यक्ति की उम्र औसतन घट रही है।

प्रदेश की अनुमानित आबादी 8 करोड़ है। सबसे ज्यादा आबादी जयपुर की है। जयपुर में रहने वाले लोग औसत से भी 7 महीने ज्यादा उम्र खो रहे हैं। आंकड़े के मुताबिक 1 जनवरी 2021 से 31 मार्च 2025 के बीच कुल 1,550 दिनों में से करीब 450 दिन एक्यूआई खराब से बहुत खराब श्रेणी में रहा। इसका मतलब यह है कि जयपुर का हर तीसरा दिन प्रदूषण के उस खतरनाक स्तर पर पहुंचा, जिसके संपर्क में लंबे समय तक रहने पर सांस और हार्ट संबंधी रोग हो सकते हैं। इसके विपरीत पूरे साढ़े चार साल में केवल 81 दिन ही ऐसे थे, जब लोगों को अच्छी हवा मिली यानी जयपुर वालों को साल में औसत रूप से 20 दिन भी पूरी तरह शुद्ध हवा नसीब नहीं हुई।

रिपोर्ट से पता चलता है कि जहरीली हवा आपके शरीर के हर हिस्से को छलनी कर रही है। हवा में मौजूद बारीक कण खून के जरिए दिमाग तक पहुंच रहे हैं। इससे ब्रेन फॉग, चिड़चिड़ापन और नींद की कमी हो रही है। लंबे समय में यह अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी बीमारियों का रिस्क बढ़ा रही है। प्रदूषित हवा के कारण बच्चों में एनीमिया यानी खून की कमी और जन्म के समय कम वजन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। यह हवा किडनी की कार्य क्षमता को बिगाड़ रही है और डायबिटीज का खतरा बढ़ा रही हैं।

जयपुर के अस्थमा रोग विशेषज्ञ बताते हैं- वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा की समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसके कारण सांस लेने में दिक्कत, ब्रेन फॉग, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या से जूझ रहे मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषित हवा का असर बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा हो रहा है। बच्चों में एनीमिया, फेफड़ों का कमजोर विकास और कम वजन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जबकि वयस्कों में किडनी से जुड़ी परेशानी, डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा भी बढ़ता देखा जा रहा है।



डॉक्टर के मुताबिक जिन क्षेत्रों में प्रदूषण ज्यादा है, वहां रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल करें, पौष्टिक भोजन लेना चाहिए ताकि शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि प्रदूषण का असर इन पर ज्यादा तेजी से होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com